
हरिभूमि
रायपुर भूमि



## रेलवे कर रहा कार्रवाई

खाने की गुणवत्ता को सुधारने के लिए रेलवे रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में लगातार कार्रवाई कर रहा है।बीते महीने रायपुर मंडल में वेंडर्स और ट्रेन के भीतर अवैध वेंडर्स पर कार्रवाई की गई थी। लगातार औचक जांच कर व्यवस्था को सुधारने का कार्य किया जा रहा है।

## ठंडा समोसा और सड़े आलू की भी शिकायत




प्लेटफार्म पर ठंडे समोसे, कचौड़ी और अवैध रूप से यात्रियों को परोस रहे अंडा बिरयानी यात्रियों का स्वाद और सेहत दोनों बिगाड़ रहे हैं। रायपुर स्टेशन में यात्रियों की ओर से शिकायत रही है कि समोसा बनाने के लिए सड़े आलू का उपयोग हुआ है।

# यात्रियों को नहीं भा रहा प्लेटफॉर्म का खाना, ठंडा समोसा और टूटे बिस्किट से भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे प्रशासन ट्रेनों और प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों को बेहतर नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराने के प्रयासों में जुटा है, लेकिन इसके बावजूद यात्रियों की ओर से शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। बीते सालभर में रेलवे द्वारा की गई सभी औचक जांच में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में अनियमितताएं पाई गईं। सख्त निर्देशों के बावजूद कई मामलों में यात्रियों को पसंदीदा और ताजा खाना नहीं मिला। एक्स और रेल मदद में यात्रियों की शिकायतों की जब हरिभूमि ने ▶▶|शेष पेज 13 पर

- तीन सालों में रायपुर से लेकर बिलासपुर तक स्टेशन से लेकर ट्रेनों में खाने को लेकर थोक में शिकायत
- पेंट्रीकार की औचक जांच में रेलवे को मिलती रही है अनियमितता



### टूटे हुए बिस्किट, मिक्चर भी नापसंद

चलती ट्रेन में रेलवे के अधिकृत वेंडर द्वारा यात्रियों को बेची जा रही खाद्य सामग्री की शिकायत सामने आई है। बीते दो से तीन सालों में रेल मदद ऐप के जरिए सर्वाधिक लोगों ने टूटे हुई बिस्किट और मिक्चर को नापसंद बताया है। शिकायत में यात्रियों ने गुणवत्ता विहीन चिप्स देने के साथ बदबू आने की भी बात कही है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, अमरकंटक और हावड़ा-अहमदाबाद के साथ लंबी दूरी की ट्रेनों में इस तरह की शिकायत ऑनलाइन दर्ज करवाई है। इसके अलावा ट्रेन में ताजा और गर्म खाना नहीं मिलने को लेकर शिकायत है। सलाद भी ताजा नहीं मिलता। मेल व एक्सप्रेस के खाने में सबसे ज्यादा शिकायतें हैं।



## खबर संक्षेप

### रायपुर-अहमदाबाद फ्लाइट रद्द

**रायपुर।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद रायपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट रद्द कर दी गई है। फ्लाइट के उड़ान का समय दोपहर 1.40 बजे था। इंडिगो की 6E-6194 फ्लाइट अहमदाबाद से रायपुर आकर वापस अहमदाबाद जाती है। उड़ान भरने से कुछ मिनट पहले ही अहमदाबाद हादसे की जानकारी मिली। हादसे की जानकारी मिलते ही तुरंत फ्लाइट स्थगित कर दी गई। प्लेन में सवार सभी यात्रियों को उतारा गया। पहले फ्लाइट को स्थगित करते हुए इसे रि-शेड्यूल किया गया, लेकिन हादसे की भयावहता को देखते हुए फ्लाइट रद्द ही कर दी गई। फ्लाइट कैंसिल होने के बाद वे अपने घर लौटे।

### बस्तर परिवहन संघ की बैठक, अहम मुद्दों पर चर्चा

**रायपुर।** तेलीबांधा स्थित एक होटल में गुरुवार को बस्तर कोरापुट परिवहन संघ, बस्तर परिवहन संघ, बैलाडीला ट्रक ऑनर संघ, भानुप्रतापपुर, नारायणपुर एवं अन्य परिवहन संघ की बैठक हुई। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई और महंगाई को देखते हुए किराया भाड़ा बढ़ाने की मांग की गई।

### वीडियो बनाने गए यू-ट्यूबर के साथ मारपीट, कैमरा तोड़ा

# सूदखोर तोमर ब्रदर्स के निवास पहुंची पुलिस, महिला हिरासत में, हंगामा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूदखोरी के नाम से खौफ का पर्याय बन चुके वीरेंद्र तोमर, उसके भाई रोहित तोमर को पुलिस अब तक तलाश नहीं कर पाई है। सूदखोरी की आड़ में जबरन वसूली करने के आरोप में पुलिस ने दोनों तोमर भाइयों के भतीजे के साथ उनकी पत्नियों को भी आरोपी बनाया है। इसी मामले में पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी को गुरुवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वीरेंद्र की पत्नी सुब्रा को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस जब हिरासत में लेने के लिए गई, तब तोमर के गुर्गों ने पुलिस के साथ हुज्जतबाजी की। इस दौरान महिला पुलिस ने सुब्रा को धकियाते हुए पुलिस गाड़ी में बैठाया। ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि फॉलोअप






### यू-ट्यूबर के साथ मारपीट

पुलिस के थाना पहुंचने के पहले तोमर के निवास पर एक महिला यू-ट्यूबर तथा उनका कैमरामैन कवरेज करने पहुंचे थे। इस दौरान तोमर के गुर्गों ने महिला यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन के साथ मारपीट करते हुए उनका कैमरा तोड़ दिया।

### यू-ट्यूबर से मारपीट, दो गिरफ्तार

यू-ट्यूबर के मारपीट करने के मामले में पुलिस ने वीरेंद्र तोमर के मीडिया मैनेजर तथा करणी सेना महिला विंग अध्यक्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महिला यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन के साथ मारपीट करने तथा बंधक बनाने के आरोप में प्रभंजन सिंह तथा संगीता सिंह को ▶▶|शेष पेज 13 पर



### नकली जेवर देने का आरोप

वीरेंद्र तथा रोहित तोमर द्वारा गिरवी के दौरान बंधक बनाकर रखे गए ओरिजनल सोने के जेवर के बदले गिरवी छुड़ाने पर नकली जेवर देने के आरोप हैं। इस संबंध में एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने शिकायतकर्ताओं द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। वीरेंद्र तथा रोहित द्वारा प्रताड़ित किए गए कई ऐसे हैं, जो अब भी थाने में शिकायत दर्ज कराने जाने से डर रहे हैं। एसएसपी ने शिकायत दर्ज कराने वालों को पूरी सुरक्षा देने का आश्वासन दिया है।

# बीएड प्रवेश परीक्षा आयोजित करने से व्यापम का इंकार 12वीं के आधार पर दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने बीए-बीएड और बीएससी-बीएड पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने से इनकार कर दिया है। इसके बाद इन पाठ्यक्रमों में 12वीं के प्राप्तांकों के आधार पर प्रवेश देने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अधीन इस पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। एससीईआरटी ने इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए व्यापम को विलंब से पत्र लिखा था। खत का जवाब देते हुए व्यापम ने यह प्रवेश परीक्षा आयोजित कराने से इनकार कर दिया है। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अत्यधिक विलंब से प्रस्ताव मिलने के कारण व्यापम ने इसे स्थगित किया है। 29 मई को एससीईआरटी द्वारा व्यापम को ▶▶|शेष पेज 13 पर

- बीए-बीएड व बीएससी-बीएड के लिए एससीईआरटी ने 29 मई को भेजा था प्रस्ताव



### प्रदेश में मात्र 200 सीटें

छग में बीए-बीएड की 100 तथा बीएससी-बीएड की 100 सीटें हैं। वर्तमान में इन पाठ्यक्रमों का संचालन मात्र तीन महाविद्यालयों में होता है। इनमें विंध्यवासिनी शैलदेवी महाविद्यालय दुर्ग, संदीपनी अकेडमी अछौटी तथा श्री साईं आदर्श महाविद्यालय अंबिकापुर शामिल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत बीएड की तर्ज पर इन पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। किसी भी पाठ्यक्रम को जीरो ईयर बगैर ठोस कारण घोषित नहीं किया जा सकता है। ऐसे में यहां प्रवेश के लिए न्यूनतम अहर्ता के आधार पर दाखिले की योजना है। निजी महाविद्यालय संघ के राजीव गुप्ता के अनुसार, 2020-21 में भी कोरोना के कारण प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी थी। उस वक्त भी 12वीं के अंकों के आधार पर प्रवेश दिए गए थे। इस तरह की व्यवस्था मौजूदा सत्र में भी करने की मांग हमने की है।




## खबर संक्षेप



### खाद की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**आरंग।** पूरे प्रदेश में खाद की मांग हो रही है लेकिन प्रशासन की कान में जू तक नहीं रेग रही। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा आरंग मे प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी के नाम तसीलदार आरंग को ज्ञापन सौप अतिशीघ्र खाद **DAP** एवं अन्य खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई। तहसीदार ने इसे तत्काल कलेक्टर को भेजने की बात कही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधो वर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन मे ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, मंदिर हसौद नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी, रेखराम खिलेश देवागान, ओमप्रकाश यादव, के के चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, ईश्वर, खिलावन, शरद गुप्ता, शमीर गौरी सहित कांग्रेसजन व किसान उपस्थित रहे।

### प्लेन हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**तिल्दा नेवरा।** मंत्री टंक राम वर्मा का जन्मदिन गुरुवार को था। जहां दोपहर में मंत्री तिल्दा नेवरा पहुंचे। सर्वप्रथम विधायक कार्यालय में केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया फिर आगे तिल्दा में ही कार्यक्रम था। तभी अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की खबर आई जिसके बाद मंत्री ने सादगी के साथ मंत्री ने सभी से मुलाकात की। किसी भी तरह का कोई ताम झाम नहीं किया गया। साथ ही सभापति रानी सौरभ जैन के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें मंत्री टंक राम वर्मा भी शामिल हुए और अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मृत सभी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई फिर मंत्री आगे गंतव्य के लिए रवाना हुए।

### ठेकेदार ने नहीं दी मजदूरी मजदूर हड़ताल पर बैठे




**तिल्दा नेवरा।** श्री नाकोड़ा पाइप इंपैक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ठेकेदारी मजदूरों का मजदूरी नहीं देने पर मजदूर गेट के सामने हड़ताल पर बैठे। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम खमरिया स्थित श्री नाकोड़ा पाइप इंपैक्स प्राइवेट लिमिटेड स्थित है और यह प्लांट हमेशा चर्चा में रहता है मजदूरों के शोषण सहित कई आरोप प्लांट प्रबंधन पर लग चुके हैं , और पूर्व में भी कई हड़ताल इस प्लांट में हो चुके हैं। वर्तमान में यहां पर रायपुर के एक ठेकेदार द्वारा लगभग 40 महिला पुरुष मजदूरों का मजदूरी का भुगतान नहीं किया है और काम छोड़कर चला गया है, जिसके बाद आज गुरुवार को मजदूर मुख्य गेट के सामने हड़ताल पर बैठे हुए हैं। मजदूरों ने कहा कि उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है इसलिए वे हड़ताल कर रहे हैं।

## निधन

### दिलीप सुलेमान

**आरंग।** स्थानीय डीडी कालोनी निवासी (ग्राम गुखेरा) दिलीप सुलेमान (54 वर्ष) प्राचार्य हाईस्कूल पारागांव का आकस्मिक निधन हो गया। ग्राम गुखेरा में हुए अंतिम कार्यक्रम में परिवार, समाज व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी। वह बिसेलाल के बड़े पुत्र, अरुण के बड़े भाई, विपिन व वेदांश के पिता एवं अमिता के पति थे।



**कार्यालय रा.नि.मं. चन्दखुरी, तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: आम सूचना :-**

जारी दिनांक 11.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय गुप्ता पिता श्री राम गुप्ता निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम अकोलडीह प.ह.नं. 2 राजस्व निरीक्षक मंडल चन्दखुरी स्थित भूमि खसरा नंबर 642, 644 कुल 02 रकबा क्रमशः 3.82, 2.94 हे. कुल 6.76 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद आदेश दिनांक 27.05.2025 के परिपालन में दिनांक 17.06.2025 को समय अपरान्ह 02 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 2 के मंदिर हसौद स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. मंदिर हसौद

## विरोध : शिक्षकों के पदों में कटौती सरकार की साजिस

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस ने बीईओ कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। आरंग

भाजपा सरकार की शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण की नीति के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस नीति को साय सरकार का रोजगार विरोधी व शिक्षा विरोधी कदम करार दिया।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष उद्योराम वर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले 57 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद 10,463 स्कूलों को सीधे तौर पर बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश में 45,000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे। वर्मा ने बताया कि नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती कर हजारों शिक्षकों के पद खत्म किए जा रहे हैं। उन्होंने पिछली रमन सरकार के कार्यकाल का भी जिक्र किया, जब 3,300 से अधिक स्कूल बंद किए गए थे, जिससे 12,000 शिक्षकों के पद समाप्त हो गए थे। वर्मा ने युक्तियुक्तकरण को केवल लोगों को दिग्भ्रमित करने वाला बताया और सवाल उठाया कि अतिशेष शिक्षक होने के बावजूद आरंग ब्लॉक के तीन शिक्षकों को संकुल समन्वयक क्यों बनाया गया।



### वरिष्ठ शिक्षकों का अतिशेष में स्थानांतरण किया जा रहा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू ने युक्तियुक्तकरण नियम के तहत संकुल ब्लॉक मुख्यालय में पोस्टिंग के बजाय दूसरे ब्लॉक और दूसरे जिले में पोस्टिंग को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेश देवांगन ने इसे सरकार का बड़ा भ्रष्टाचार बताया कि वरिष्ठ शिक्षकों का अतिशेष में स्थानांतरण किया जा रहा है, जबकि कनिष्ठ शिक्षकों को यथावत रखा गया है। उन्होंने काउंसलिंग प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए, जिसमें शिक्षकों को काउंसलिंग से पूर्व आदेश की जानकारी मिलना, दावा-आपत्ति के लिए समय न देना और काउंसलिंग की सूची पहले से चस्पा न करना शामिल है।

### हजारों शिक्षकों के एक तिहाई पद हो जाएंगे समाप्त

कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों पर एक शिक्षक के अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और मिडिल स्कूल में 26 छात्र प्रति शिक्षक के अनुपात को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक कर रही है, जिससे हजारों शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि स्कूलों को जबरदस्ती बंद किए जाने से न केवल शिक्षक, बल्कि 10,463 स्कूलों से जुड़े हजारों रसोईया, स्वीपर और मध्याह्न भोजन बनाने वाली महिला स्व-सहायता समूहों की बहनों के समक्ष भी जीवन-यापन का संकट उत्पन्न हो गया है। कांग्रेस ने कहा कि प्रदेश में 58,000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, हर महीने सैकड़ों शिक्षक रिटायर हो रहे हैं, कई वर्षों से शिक्षकों का प्रमोशन रुका हुआ है, स्थानांतरण नीति नहीं बनी है और समयमान वेतनमान का विवाद भी लंबित है। ऐसे में सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षकों को डराकर वसूली करना चाहती है।

### ये रहे शामिल

ब्लॉक शिक्षा कार्यालय घेराव के दौरान पुलिस प्रशासन बड़ी संख्या में मौजूद था और तहसीलदार भी मौके पर उपस्थित थे। इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से गोपाल चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिका मंदिरहसौद, ओम प्रकाश यादव उपाध्यक्ष नगर पालिका मंदिरहसौद, रेखा राम पात्रे महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग, जीतू गुप्ता पार्षद, खिलावन निषाद पार्षद, समीर गौरी पार्षद, शुभांशु साहू जनपद सदस्य, सत्येंद्र चेलक उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस आरंग विधानसभा, अजीत कोसले अध्यक्ष **NSUI** आरंग विधानसभा, कृष्ण कुमार चंद्राकर, भूषण साहू जिला अध्यक्ष ओबीसी, ईश्वर पटेल, अनुज मिश्रा पार्षद, राकेश मिश्रा पार्षद, विनीत पांडे सोशल मीडिया प्रभारी, ईश्वर जोगलेकर, सादिक बेलीन, दिनेश पप्पू तंबोली, भरत लोधी, नंदू साहू, सुखु साहू, डॉ. शत्रुहन रात्रे, अमित जलछत्रि, हेमराज बंजारे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीएपी संकट, किसान परेशान तत्काल आपूर्ति की मांग

**तरपोंगी।** किसान नेता व पूर्व कृषि जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने कहा कि खरीफ फसल में किसानों को डीएपी कि अभूतपूर्व संकट का सामना अभी से करना पड़ रहा है।



छत्तीसगढ़ में मानसून आ चुका है 15 जून तक मानसून सक्रिय हो जाएगा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ दिन पूर्व बारिश होने से किसान खेतों में खरीफ फसल बोने की तैयारी कर रहे हैं। कई किसान तो नर्सरी तैयार कर लिए हैं ऐसे समय में किसानों को डीएपी खाद की सख्त आवश्यकता है लेकिन वर्तमान समय में रायपुर जिले के तिल्दा, धरसींवा, आरंग अभनपुर विकासखंड के अधिकांश कृषि समितियों में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को खुले बाजार में अधिक कीमत में डीएपी खरीदी करना पड़ रहा है। जिससे किसानों को अतिरिक्त आर्थिक हानि होगी।

### वार्ड चार का हाल बेहाल, नालियां जाम, सड़क पर गंदे पानी का अंबार

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 4 की स्थिति काफी दयनीय है। यहां पर नालियां जाम पड़ी है। वहीं नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, अभी बरसात आने वाली है तो बरसात में क्या स्थिति होगी इसका आकलन अभी से किया जा सकता है। वार्ड वासियों ने कहा कि बार-बार शिकायत के बाद भी किसी तरह का कोई ध्यान नगरपालिका प्रशासन के द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते उनको भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वार्ड वासियों ने कहा कि अभी यह हाल है बरसात में तो हमारा चलना दूभर हो जाता है, इसके बाद भी पालिका प्रशासन आंख मूंदे बैठा हुआ है। वार्ड में नाली जाम है गंदा पानी सड़क पर है और इसके बगल में आस्था का ऋतिक बड़ा जैत खंभा है जहा वार्ड वाले पूजा अर्चना करते है।



## जुआरियों का निकाला गया जुलुस



**आरंग।** आरंग क्षेत्र में बीते कुछ समय से जुआ खेलने की शिकायत ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा दिए थे। लेकिन आरंग पुलिस ने जुआरियों का जुलूस निकालकर एक कड़ा संदेश दिया है कि क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियां किसी में हालात में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरंग पुलिस ने बुधवार को ग्राम गुल्लू में महानदी के पास दबिश दी। इस दौरान जुआ खेल रहे महेंद्र वर्मा, रमेश देवांगन, श्यामलाल लोधी और पुरुषोत्तम जोशी को पकड़ा। आरोपियों के पास से 45000 रुपए नगद बरामद किया है। जुआरियों से पूछताछ में पता चला कि रोहित यादव जो आरंग का गुंडा बदमाश हिस्ट्रीशीटर भी है उसी के द्वारा जुआ चल रहा था, रोहित जुआ का नाल और दल का मुखिया भी था। पुलिस ने देर रात रोहित यादव को भी गिरफ्तार किया। मामले में आरंग पुलिस ने पहली बार भारतीय न्याय संहिता (**BNS**)112 लगाया है जो संगठित अपराध की श्रेणी में आता है। इसके अलावा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 03(02) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। गुरुवार को आरंग पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने से पहले उनका जुलूस निकाला। आरंग पुलिस के इस कदम ने अपराधियों को बड़ा संदेश दिया है। पुलिस के इस कार्रवाई ने उन सभी लोगों को जवाब भी दे दिया जो इस प्रकार के असामाजिक गतिविधियो में पुलिस का संरक्षण होने की बात कर रहे थे। बहरहाल सभी आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। /"जाने क्या है भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) 112 - भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(1) के अनुसार, जो कोई समूह या टोली का सदस्य होते हुए, या तो अकेले या संयुक्त रूप से चोरी झपटमारी, छल, टिकटों की अनधिकृत बिक्री, अनधिकृत शर्त लगाने या जुआ खेलने, लोक परीक्षा प्रश्न पत्रों की बिक्री या कोई अन्य समरूप आपराधिक कार्य करता है, तो वह छोटा संगठित अपराध कहलायेगा। इसके लिए क्या है सजा - भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) के अनुसार, जो कोई छोटा संगठित अपराध कारित करता है, उसे 1 वर्ष से 7 वर्ष तक के कारावास से दंडित किया जा सकेगा और वह जुर्माने के लिए भी दायी होगा।

## युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अभनपुर

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में लाए गए युक्तियुक्तकरण की नीति के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अभनपुर के बीईओ कार्यालय का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार आरपी बघेल को सौंपा।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ने भाजपा सरकार की इस नीति पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नए सेटअप के नाम पर किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से प्रदेश के 10,463 स्कूलों को सीधे तौर पर बंद किया जा रहा है। साहू ने दावा किया कि इससे लगभग 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे, जिससे उनके जीवनयापन पर सीधा असर पड़ेगा। साथ ही इन स्कूलों में कार्यरत रसोईया, भृत्य, स्वीपर और महिला समूहों से जुड़े लोगों के रोजगार के रास्ते भी बंद हो जाएंगे।




### ये रहे शामिल

कांग्रेस ने इसे शिक्षा न्याय आंदोलन नाम दिया है। इस विरोध प्रदर्शन में नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि लोकमनी कोशले, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू और डामन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोला सोनवानी, ग्रामीण अध्यक्ष गिरधारी साहू, सुशील शर्मा, पालिका नवापारा नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शीला कंडरा, पार्षद रानू राठी, नीलकमल गिलहरे, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, रामरतन निषाद, रामा यादव, रेणुका साहू, सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## आरंग नेटबॉल क्लब का शुभारंभ



**आरंग।** आरंग युवा एवं खेल संगठन द्वारा संचालित खेल क्लबों में एक और खेल को सम्मिलित किया गया। आरंग नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोशले, पार्षद नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, विक्रम परमार, खिलेश धुरंधर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष वेद प्रकाश देवांगन की उपस्थिति में आरंग नेटबॉल क्लब का शुभारंभ किया गया। आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि संगठन के योजनाओं के तहत आरंग विधानसभा को खेल क्षेत्र में पूरे देश प्रदेश के साथ साथ विदेशो में भी एक पहचान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। संगठन द्वारा संचालित खेल क्लबों के खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिताओं में आरंग विधानसभा को गौरवान्वित कर रहे हैं। आरंग नेटबॉल क्लब से भी बहुत जल्द खिलाड़ी उच्च स्तर पर प्रदर्शन कर खेल क्षेत्र में आरंग विधानसभा को एक केंद्रबिंदु बनाएंगे। सभी जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आरंग युवा एवं खेल संगठन की सराहना भी किया और सदैव सहयोग करने की बात कही।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मॉन्टेक्स बॉल क्रिकेट संघ के महासचिव संतोष निर्मलकर, आरंग युवा एवं खेल संगठन संरक्षक योगेन्द्र चन्द्राकार, सचिव मनीष सोनकर, विजय साहू, प्रकाश पाल, सोमनाथ लोधी, दीपा अजगरा, शोभा लोधी, हिमांशु लोधी, वैभव निषाद, गुंजन वर्मा, रघुवीर साहनी, तुलसी लोधी, संध्या धृतलहरे, नटवर निषाद सभी सदस्य और खिलाड़ी उपस्थित थे।

## लखौली में कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**आरंग।** विकसित भारत संकल्प यात्रा समिति के तत्वावधान में सहकारी समिति लखौली में कृषकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था।

विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं फसल चक्र परिवर्तन के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए। समिति के सदस्यों ने किसानों को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कृषकों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में दिनेश चन्द्राकर प्राधिकृत अध्यक्ष, सुरेंद्र चन्द्राकर, हिरामन साहू सरपंच, प्रहलाजी मोहन देवदा सरपंच, त्रिभुवन सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम कृषि वैज्ञानिक अग्रवाल, कृषि विस्तार अधिकारी वर्मा, हार्टिकल्चर विभाग से कोमल व रहंगडाले के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ।

## लापरवाह डॉक्टरों पर हो कार्रवाई जिपं सभापति पीड़ित परिवार से मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धरसीवा

नगर निगम बीरगांव के रावाभाठा स्थित स्वास्थ्य केंद्र मे स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और रात्रिकालिन ड्यूटी से गायब रहने वाले डॉक्टरों कि वजह से रावाभाठा निवासी साक्षी निषाद की बच्चे के जन्म के बारह घंटे बाद मां की मौत को लेकर जिला पंचायत सभापति श्रीमती सरोज चंद्रवंशी पीड़ित परिवार से मिली ओर अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद दोषी चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही की मांग की।

जिला पंचायत सभापति चंद्रवंशी ने कहा कि मृतका को मां बने12 घंटे ही हुए थे और उसकी मृत्यु हो गई स्वास्थ्य विभाग के कुछ लोगों के लापरवाही के कारण आज एक दूधमूही बच्ची के सर से माँ कि ममता रूपी छांव हमेशा के लिए दूर हो गया। सभापति सरोज चंद्रवंशी के द्वारा ईस अंत्यंत दुखद घड़ी पर परिवार के साथ खड़े होकर उन्हे सांत्वना हिम्मत और ढांढस बंधाया। साथ- साथ दोषी लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई हो इसलिए उसी रावाभाठा स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर निरीक्षण किया तो कुछ डाक्टर तो ड्युटी पर नहीं थे और जो अभी ड्युटी में है उनसे भी जानकारी ली।



किसी ने भी संतोषप्रद जवाब नहीं सभी ने अपनी दबी जुबान पर हास्पिटल की कमियों को दबाने की पुरी कोशिश किए फिर सरोज चंद्रवंशी जो स्वयं स्वास्थ्य और स्वच्छता विभाग की सभापति है।जब उनके साथ ऐसा हो रहा है तो आम जनता के अस्पताल के कर्मचारियों का व्यवहार कैसा रहेता होगा यह जानने के लिए सभापति महोदया स्वयं अस्पताल में भर्ती बाकी मरीजों से उनके देखभाल और स्वास्थ्य सेवा के बारे पुरी तरह पुछताछ किया और अस्पताल के सभी कर्मचारियों को चेतावनी दी। आगे ऐसी कोई भी दुर्भाग्य पूर्ण घटना फिर ना घटे नहीं तो किसी को भी बक्शा नहीं जाएगा।

## सड़क निर्माण में अनियमितता पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मंदिर हसौद

विधानसभा से कुछ ही दूरी पर रिंग रोड नंबर 3 से लगा हुआ ग्राम सकरी जहां से धनसुली होते हुए नरदहा माता कौशल्या मंदिर मार्ग को जोड़ता है। जिसको काम मंडी बोर्ड द्वारा कराए जा रहे जो सकरी से धंनसूली सड़क मार्ग निर्माण कार्य पिछले दो वर्षो से कछुआ गति की तरह कार्य चल रहा है। जिस पर बेस गिट्टी डालकर कई महीनो से छोड़ दिया गया है। जिसके कारण सकरी धंनसूली मार्ग पर आमजन को आवागमन में भारी तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। वही इसी मार्ग पर भारी वाहनो के आने जाने लोगों का रास्ते पर चलना मुश्किल हो रहा है जोकी सड़क ग्राम सकरी बस्ती के बीचो-बीच से होकर गुजरती है। जहां आए दिन घटना दुर्घटना होते रहते है। साथ ही यहां के रहवासियों को धूल धक्कड़ से परेशानी हो रही है जिसके कारण बच्चे बुजुर्ग बीमार पड़ रहे हैं और दमा खांसी की शिकायत आ रही है घर के अंदर भी धूल डस्ट कपड़े व खाद्य पदार्थ में जम रहे हैं जिसकी बार बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायत करने पर भी आज तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिससे ग्राम वासियों में आक्रोश बढ़ रहा है। जिसको लेकर गुरुवार को सरपंच ग्राम पंचायत सकरी एवं सदस्य जनपद पंचायत धरसीवां के नेतृत्व में संयुक्त रूप से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया।



वहीं धरना प्रदर्शन को समर्थन देने वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नारायण प्रसाद कुर्रे, पूर्व जनपद पंचायत धरसीवां अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे, ब्लॉक कांग्रेस धरसीवां अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू, ग्राम पंचायत सकरी सरपंच, सोनल प्रशांत कुर्रे उप सरपंच पूर्णिमा श्याम सिन्हा उपस्थित रहे।



# सरकार के चार लाख कर्मियों की सेवा कुंडली डिजिटल, रिटायरमेंट, प्रमोशन, वेतन, जीपीएफ अब ऑनलाइन

## मुख्यमंत्री साय की पहल से मिली सुविधा, सेवा जानकारी अब मोबाइल एप पर अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के शासकीय सेवकों के हित में राज्य सरकार ने एक बड़ी पहल की है। अब प्रदेश के लगभग 4 लाख सरकारी कर्मचारियों की सीआर के लिए अब फाइलें पलटने की झंझट समाप्त हो गई है। कर्मचारियों की प्रोफाइल अब एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप पर अद्यतन (अपडेट) की जाएगी। इससे सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, वेतन विसंगति आदि के समय किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। राज्य के कर्मचारियों को यह सुविधा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयास से मिली है।

### सुशासन होगा सशक्त

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन ई-गवर्नेंस के माध्यम से सुशासन को सशक्त और सहज बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। डिजिटल प्रशासन - पारदर्शी समाधान की नीति को आगे बढ़ाते हुए, प्रदेश सरकार ने अब कर्मचारियों की सेवा जानकारी को मोबाइल एप के माध्यम से अद्यतन करने की अभिनव पहल की है। यह प्रयास मुख्यमंत्री की उस सोच को दर्शाता है जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की सुविधा, सम्मान और अधिकार सुरक्षित हों- तेज, सरल और भरोसेमंद प्रणाली के माध्यम से।

### अब आया मोबाइल एप और वेबपोर्टल

नई व्यवस्था के अनुसार अब कर्मचारियों की प्रोफाइल को कार्मिक संपदा पोर्टल पर लोड और अपडेट करना अनिवार्य होगा। इसके लिए एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप और वेब पोर्टल विकसित किए गए हैं।संचालनालय कोष एवं लेखा की इस नई व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। कर्मचारियों की सेवा संबंधी कुंडली को अद्यतन रखने में यह व्यवस्था अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। हालांकि 2019 से कार्मिक संपदा मॉड्यूल का उपयोग किया जा रहा है, किंतु यह नवीन डिजिटल प्लेटफॉर्म कर्मचारियों को उनकी व्यक्तिगत एवं सेवा संबंधी जानकारी त्वरित व सुविधाजनक रूप से उपलब्ध कराएगा।



### कर्मचारी खुद लागिन कर अपनी जानकारी करेंगे अपडेट

संचालक कोष एवं लेखा रितेश अग्रवाल ने कहा कि यह पाया गया है कि कार्मिक संपदा पोर्टल पर अधिकांश कर्मचारी अपनी जानकारी अपडेट नहीं करते हैं, जिसके कारण सेवानिवृत्ति के समय उन्हें अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कार्मिक संपदा मॉड्यूल में व्यक्तिगत जानकारी अपडेट करने की जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की होती है, लेकिन इसमें समय लगने के कारण असुविधाएँ उत्पन्न होती हैं। इन समस्याओं के समाधान हेतु एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप विकसित किया गया है, जो कर्मचारियों को स्वयं लॉगिन कर अपनी जानकारी अपडेट करने की सुविधा देता है।

### कार्यालय प्रमुख की निर्भरता नहीं होगी

अब सेवा संबंधी जानकारी, नामिनी परिवर्तन, बैंक खाता परिवर्तन आदि के लिए कार्यालय प्रमुख पर निर्भरता नहीं रहेगी, जिससे अनावश्यक विलंब की स्थिति में भी कमी आएगी। स्थानांतरण, वेतन निर्धारण, पदोन्नति और अन्य प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और प्रगति सुनिश्चित होगी। साथ ही सेवा के दौरान और सेवानिवृत्ति उपरांत मिलने वाले लाभ जैसे पेंशन, जीपीएफ, उपादान, अवकाश नगदीकरण आदि प्रकरणों का शीघ्र निराकरण संभव होगा, क्योंकि संबंधित डेटा अद्यतन रहेगा।

### एप से मिलेंगे ये लाभ

कार्मिक संपदा एप से मिलेंगे ये प्रमुख लाभकर्मचारियों से प्राप्त सेवा संबंधी आवेदनों का निपटारा सक्षम अधिकारी समयबद्ध तरीके से कर सकेंगे। मॉड्यूल के अद्यतन होने से वेतन विसंगति से जुड़ी समस्याएँ कम होंगी। कर्मचारी एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल एप या वेब एप्लिकेशन पर लॉगइन कर जानकारी स्वयं अपडेट कर सकते हैं। प्रोफाइल अद्यतन की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के उद्देश्य से यह एप और पोर्टल तैयार किया गया है। इसके उपयोग के लिए एसओपी की जानकारी में दी गई है। साथ ही, शासकीय कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के बाद महालेखाकार कार्यालय में अंतिम जीपीएफ दावा को पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करने की व्यवस्था भी तैयार की गई है। इससे दावे के निराकरण में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन जीपीएफ क्रेडिट मिसिंग मॉड्यूल भी विकसित किया गया है, जिससे कार्यालय प्रमुख और कर्मचारी सेवा काल के दौरान मिसिंग जीपीएफ एंट्री का ऑनलाइन सुधार कर सकेंगे।

---

## खबर संक्षेप




### सीएम साय ने कोरबा में निर्मित कन्वेंशन हॉल का किया नामकरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कोरबा में निर्मित कन्वेंशन हॉल का नामकरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। कन्वेंशन हॉल को 'पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या बाई होलकर' कन्वेंशन हॉल के नाम से जाना जाएगा। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा लगभग 17 करोड़ की लागत से 40 हजार वर्गफीट में इस कन्वेंशन हॉल को तैयार किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित इस भवन की सुंदरता और निर्माण गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि यह हॉल अत्यंत भव्य है और भविष्य में जनउपयोग के लिए एक उत्कृष्ट स्थल के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने भव्य सुंदर और गुणवत्तापूर्ण कन्वेंशन हॉल के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव तथा मंडल के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री तथा कोरबा प्रभारी अरुण साव, छग शासन वाणिज्य और उद्योग तथा श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, कोरबा के महापौर संजू राजपूत सहित विधायक और अधिकारी शामिल हुए।

### लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में प्लेसमेंट कैंप 16 को

**रायपुर।** जिला रोजगार कार्यालय और जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में 16 जून को प्लेसमेंट कैंप सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से निजी क्षेत्र के 5 नियोजकों द्वारा लगभग 264 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस प्लेसमेंट कैंप में निजी क्षेत्र के संस्थान रूद्रा इन्टरप्राईजेस, कंवर नर्सिंग होम, इनफिनिटी सर्विसेस, रिलांयस निप्पोन लाईफ इन्शयोरेन्स तथा याना एसोसियेट्स आदि शामिल होंगे। इन संस्थानों द्वारा स्मार्ट मीटर टेक्निशियन, स्मार्ट मीटर ऑपरेटर, एल्युमिनियम विन्डो इन्सटॉलर, डॉलर, एल्युमिनियम विन्डो एसेम्बलर, हाऊसकिपिंग, सुपरवाईजर, स्वीपर, ओ.टी. नर्स रिसेप्शनिस्ट, पर्सनल असिस्टेंट, ड्राईवर, कुक, योगा एंड मेडिटेशन, डरम डरमाटोलोजिस्ट, फील्ड एसोसियेट, टेली कॉलर, अप्रेन्टिस, एल.पी.ओ. फीटर, वेल्डर, ऑपरेट / ड्राईवर (जे.सी.बी. हायड्रा पोकलेन) ट्रेक्टर ड्राईवर आदि प्रकार के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### जल्द ही रायपुर में दस्तक देगा मानसून

**रायपुर।** अगले 48 घंटे में दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना है। ऐसे में अनुमान लगाए जा रहे हैं कि मानसून जल्द ही रायपुर में दस्तक देगा। ना सिर्फ रायपुर, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को मानसून जल्द ही कवर कर लेगा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है।

---

# हर महीने 25 लाख की होगी बचत, शासकीय भवनों में शिफ्ट होंगे किराए में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

महिला एवं बाल विकास विभाग को अब हर महीने लगभग 25 लाख और सालाना तीन करोड़ रुपए की बचत होगी। जिले में 483 आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवन में संचालित हो रहे हैं। इन भवनों को शासकीय भवनों में शिफ्ट करने के लिए विभाग तैयारी में जुट गया है। इसके लिए विभाग खाली पड़े शासकीय भवनों के साथ राजस्व अधिकारियों के माध्यम से नए भवन के निर्माण के लिए शासकीय जमीन भी तलाश कर रहा है। इधर विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिलेभर में अभी तक 150 भवनों के निर्माण के लिए 208 खसरा नंबर भूमि को चिन्हांकित कर लिया गया है। इन भवनों के निर्माण के लिए जिला विभाग ने प्रस्ताव बनाकर संचालनालय को भेजा भी है, जिसकी स्वीकृति मिलते ही इन भवनों के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### 1436 भवनों के निर्माण को स्वीकृति, 150 का भेजा गया प्रस्ताव

जिले में कुल 1436 नए भवनों के निर्माण को स्वीकृति दी गई है, लेकिन इसके लिए भूमि चिन्हांकित किया जाना है। रायपुर, धरसींवा, आरंग, तिल्दा एवं अभनपुर तहसील कार्यालयों से अब तक कुल 208 खसरा नंबर की भूमि ही चिन्हांकित की गई है। इसकी सूची विभाग को मिलने के बाद 150 भवनों के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाया गया है।



### 1941 केंद्र संचालित, इनमें 174 शासकीय एवं 1284 खुद के भवन में संचालित

रायपुर जिले में कुल 1941 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इनमें 174 शासकीय भवनों में एवं 1284 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खुद के भवन में संचालित कर रहे हैं, वहीं शेष 483 भवन किराये के भवन में संचालित हो रहे हैं। किराये के भवन में संचालित होने पर इन भवनों को प्रतिमाह 3 हजार से 6 हजार रुपए किराया की राशि का भुगतान विभाग करता है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्र के भवन का किराया शहरी क्षेत्र की तुलना में आधा है।

### 11.69 लाख रुपए की लागत से बनेगा प्रत्येक भवन

संचालनालय को भेजे गए प्रस्ताव में प्रत्येक नए आंगनबाड़ी भवन के निर्माण में 11 लाख 69 हजार रुपए की राशि खर्च होगी। इस तरह 150 भवनों के निर्माण में कुल 17 करोड़ 53 लाख 50 हजार रुपए की राशि खर्च होगी। यह राशि जरूर एकमुश्त में खर्च होगी, लेकिन इन भवनों के निर्माण से किराए के भवन से मुक्ति मिलेगी और हर महीने बचत भी होगी।

### मनरेगा-डीएमएफ फंड की राशि से बनेंगे 27 नए भवन

आंनबाड़ी के लिए 27 भवनों के निर्माण में मनरेगा और डीएमएफ फंड की राशि खर्च की जाएगी। इसके लिए राशि की स्वीकृति दे दी गई है। इन दोनों मदों की राशि से आरंग में सबसे ज्यादा 10 नए भवन बनाए जाएंगे, वहीं तिल्दा में 2, अभनपुर में 8 एवं धरसींवा में 7 भवनों का निर्माण होगा।

### तहसीलवार चिन्हांकित की गई भूमि

| | |
|---|---|
| रायपुर-1 | 17 |
| रायपुर-2 | 59 |
| धरसींवा | 75 |
| तिल्दा | 6 |
| आरंग | 19 |
| अभनपुर | 32 |

### 150 नए भवनों का भेजा गया प्रस्ताव

तहसीलों से 208 खसरा नंबरों की भूमि की सूची मिली है, जिस पर नए भवन का निर्माण कराया जा सकता है। कलेक्टर की स्वीकृति के बाद 150 नए भवनों के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। 27 भवनों के निर्माण के लिए मनरेगा और डीएमएफ विभाग के द्वारा राशि स्वीकृत की गई है।

**- शैल ठाकुर**
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास रायपुर

---

114 करोड़ की मंजूरी

# 17 निकायों में नालंदा-सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी यानी ज्ञान आधारित समाज बनाने की राज्य सरकार की पहल अब रंग लाने को तैयार है। सरकार ने प्रदेश के 17 नगरीय निकायों में सेंट्रल लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण के लिए 114 करोड़ रुपयों से अधिक की राशि मंजूर कर दी है। इस लाइब्रेरी से उन छात्राओं को मदद मिलेगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इसके साथ ही अलग-अलग एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्रों को भी मदद मिलेगी।

- 12 निकायों में 200 सीटर की लाइब्रेरी-रीडिंग रूम बनेंगे

### इन निकायों में होगा निर्माण

राज्य के पांच नगरीय निकायों में 500 सीटर लाइब्रेरी सह रीडिंग रुम बनाए जाएंगे। इनमें रायपुर में दो, गरियाबंद, भिलाई, बिलासपुर, शामिल हैं। जिन निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाना है उनमें चिरमिरी, दंतेवाड़ा, सुकमा, अंबागढ़ चौकी, पेंड्रा,सूरजपुर, बैकुंठपुर, सारंगढ़, धमतरी, मुंगेली, खैरागढ़, सक्ती, और बसना शामिल हैं।

### 500 और 200 सीटर लाइब्रेरी का होगा निर्माण

प्रदेश के 5 नगरीय निकायों में 500 सीटर और 12 नगरीय निकायों में 200 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। इन लाइब्रेरियों का निर्माण सभी 17 नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया जाएगा जिससे छात्रों को अपनी तैयारी करने में मदद मिले। यह निर्माण छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर होगा।

### इन शर्तों पर होगा निर्माण

राज्य सरकार ने प्रशासकीय स्वीकृति देने के साथ ही निर्माण कार्य के लिए कुछ शर्तें भी भी रखी हैं। कहा गया है कि निर्माण कार्य प्रशासकीय स्वीकृति आबंटन की सीमा में प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के अनुरूप किया जाए। इस्टीमेट( प्राक्कलन) में कोई सारवान परिवर्तन सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना न हो। निविदा आमंत्रण कार्य छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 एवं छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 उसके अंतर्गत लागू छत्तीसगढ़ नगर पालिका (मेयर-इन-काउंसिल/प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल कामकाज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य) नियम, 1998 एवं छ.ग. कार्य विभाग मैनुअल के प्रावधानों एवं विभाग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए निविदा संबंधी कार्यवाही की जाए। निर्माण कार्य सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित डीपीआर नक्शे एवं ले आऊट अनुसार होना चाहिए। कार्य की गुणवत्ता एवं मानदण्ड सुनिश्चित करते हुए तय समयावधि में पूर्ण करने कहा गया है।

---

संगठन को मजबूत करने जिला अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया शुरू हुई

# कांग्रेस में जिला अध्यक्ष का चयन अब सीधे दिल्ली से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कांग्रेस अपनी जमीन और जनाधार को मजबूत करने में जुट गई है। इसके लिए अब कांग्रेस में जिसे जो भी पद मिलेगा, वह उसकी काबिलियत की बदौलत मिलेगा। किसी भी पद के लिए कोई पैरवी नहीं चलेगी। कांग्रेस पार्टी संगठन और सत्ता को अलग-अलग रखकर पार्टी को मजबूती से खड़ा करेगी। सबसे अहम बात यह है कि पार्टी में जिला अध्यक्ष का चयन अब सीधे दिल्ली में राहुल गांधी द्वारा किया जाएगा।

कांग्रेस जिस रणनीति पर काम करने जा रही है, उसमें जिला अध्यक्षों के चयन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। संगठन को मजबूत करने के लिए जिला अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू हुई है। हालांकि कुछ जिला अध्यक्षों का चयन भी हो गया है, लेकिन इस बार जो प्रक्रिया बनाई गई है, उसमें पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। कांग्रेस ने इस बार जिला अध्यक्षों के चयन के लिए जो नीति बनाई है, उसमें दिल्ली से एक ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य होंगे।

### अध्यक्ष केवल संगठन के कार्य करेंगे

कांग्रेस ने जो रणनीति बनाई है उसमें जिला अध्यक्षों के चयन के लिए नए नियम शामिल किए गए हैं। भाजपा की तरफ कांग्रेस इस बार पार्टी और संगठन को पूरी तरह अलग-अलग रख रही है। संगठन के सभी कार्यों को जिला अध्यक्ष करेंगे। जिला अध्यक्ष चुनाव नहीं लड़ेंगे। जिन लोगों को भी जिला अध्यक्ष का पद दिया जाएगा उन लोगों से पहले ही इस बात का करार कर लिया जाएगा उन्हें चुनाव नहीं लड़ना है। साथ ही इस बात की जानकारी हमें दे दी जाएगी की उन्हें चुनाव के लिए टिकट भी नहीं मिलेगा, लेकिन अगर सत्ता में पार्टी आती है तो महत्वपूर्ण पदों पर सबसे पहले समायोजन जिला अध्यक्षों का किया जाएगा।

### जिला अध्यक्ष तय करेंगे सांसद, विधायक

राहुल गांधी ने कांग्रेस को मजबूत करने का जो फार्मूला तैयार किया है, उसके तहत जिला अध्यक्षों के चयन की तैयारी की जा रही है उसमें यह साफ कर दिया गया है कि आने वाले समय में जिला अध्यक्ष का पद बहुत बड़ा होगा। जिला अध्यक्ष के पास विधायक और सांसद का टिकट तय करने का अधिकार होगा। जिला अध्यक्ष द्वारा ही नाम भेजे जाएंगे और यह नाम सीधे केंद्रीय नेतृत्व को जाएगा, जो राहुल गांधी के नेतृत्व में काम कर रहा है।

# प्रदेश भाजपा में मोर्चा-प्रकोष्ठ में भी बदलेगा चेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण देव को अध्यक्ष की कमान संभाले हुए पांच माह हो गए हैं, लेकिन अब तक उनकी नई कार्यकारिणी का ऐलान नहीं हो सका है। इसमें सबसे बड़ी बाधा यह है कि अब तक मंडलों और जिलों की कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। प्रदेश की नई कार्यकारिणी के साथ ही भाजपा के सात मोर्चा के नए अध्यक्षों का भी ऐलान होगा। मोर्चा के साथ ही 30 प्रकोष्ठ के संयोजकों का भी कार्यकाल पूरा हो गया है। यहां भी नए चेहरों को मौका मिलेगा। इसी के साथ प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी में भी थोक में नए चेहरों को मौका मिलना तय है। प्रदेश सरकार के निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में प्रदेश संगठन के 20 पदाधिकारियों को पद मिल चुके हैं। अब इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव तो बीते साल दिसंबर में पूरे हो गए थे। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।



### प्रदेश संगठन में भी होगा अहम बदलाव

किरणदेव की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने तय हैं। जहां प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं, वहीं एक महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बने हैं। इसी के साथ 20 पदाधिकारियों को निगम, मंडल आयोग में स्थान मिला है। निगम, मंडल की तीसरी सूची में भी कई पदाधिकारियों को पद मिलेंगे। इसके बाद इनके स्थान पर नए चेहरों को रखा जाएगा। प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी का अनुमोदन राष्ट्रीय संगठन से लेना पड़ता है। ऐसे में संभावना यही जताई जा रही है कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही कार्यकारिणी बनाकर उसको अनुमोदन के लिए राष्ट्रीय संगठन को भेजा जाएगा।

### मोर्चा में आएंगे नए चेहरे

भाजपा के सात अहम मोर्चे हैं। इनमें से महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालिनी राजपूत को छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष बनाया गया है। उनके स्थान पर किसी नए चेहरे को मौका मिलेगा। अन्य मोर्चा में भाजयुमो, किसान मोर्चा अहम हैं। इसके अलावा अजा मोर्चा, अजजा, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चा हैं। इनके अध्यक्षों का कार्यकाल पूरा हो गया है। इसी के साथ 30 प्रकोष्ठ भी हैं। इनके संयोजकों का भी कार्यकाल पूरा हो गया है। ऐसे में इनमें भी बदलाव होना है। ज्यादातर प्रकोष्ठ में भी नए चेहरों को मौका मिलने की संभावना है। कुछ पुराने चेहरों को भी वापस मौका दिया जा सकता है।

---

ज्यादातर जीएसटी चोरी माइनिंग, स्टील तथा पान मसाला कारोबार से जुड़े क्षेत्र में हो रही

# छत्तीसगढ़ कर अदायगी के मामले में अग्रणी, फिर भी नहीं रुक रही जीएसटी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूरे देश में जीएसटी लागू हुए आठ वर्ष हो गए हैं, बावजूद इसके टैक्स चोरी करने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। टैक्स चोरी पर लगाम लगाने केंद्र कई तरह के उपाय कर रहा है। जीएसटी कलेक्शन में छत्तीसगढ़ का रिकार्ड देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्टेट जीएसटी ने 16 हजार 390 करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन कर 18 प्रतिशत ज्यादा टैक्स कलेक्शन किया है। टैक्स कलेक्शन करने के मामले में छत्तीसगढ़ का स्थान पहले नंबर पर रहा। टैक्स कलेक्शन करने के मामले में महाराष्ट्र तथा तामिलनाडु दूसरे, तीसरे स्थान पर रहे। बावजूद इसके राज्य में कर चोरी करने के मामले कम नहीं हो रहे। स्टेट तथा सेंट्रल जीएसटी में ज्यादातर कर चोरी के जो मामले सामने अब तक आए हैं, उनमें माइनिंग के साथ स्टील, पान मसाला, अनाज, कोयला तथा सीमेंट कारोबार से जुड़े कारोबारियों ने ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में टैक्स चोरी की है। सेंट्रल जीएसटी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 500 फर्मों का ऑडिट कर 131 करोड़ 10 लाख रुपए के टैक्स की गड़बड़ी को उजागर किया। साथ ही 41 करोड़ 77 लाख रुपए का टैक्स जमा करवाया। वहीं सेंट्रल जीएसटी द्वारा कारोबारियों को 89.33 करोड़ रुपए का बकाया जमा करने डिमांड नोटिस जारी किया गया। यह ऑडिट आयरन, स्टील, प्लास्टिक, फाइनेंस, अस्पताल, ऑटोमोबाइल, अनाज, कोयला, सीमेंट और ट्रेडिंग कारोबारियों के ठिकानों पर किया गया था।




### इस तरह से कर रहे जीएसटी चोरी

देश में जीएसटी जुलाई 2017 को लागू किया गया है। जीएसटी में खामियों का लाभ उठाकर टैक्स चोरी करने वाले ज्यादातर कारोबारी फेक इनवॉयस, डमी कंपनी बनाकर टैक्स चोरी करते हैं। फर्जी बिल बनाकर कारोबारी इनपुट क्रेडिट टैक्स का लाभ उठाते हैं। इसके अलावा कारोबार को कम करके कारोबारी कैश में लेन-देन कर टैक्स चोरी करने का काम कर रहे हैं। इसके लिए ब्लैक मनी का इस्तेमाल किया जाता है।

### ऐसे बनाते हैं डमी कंपनी

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कारण सरकार ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया है। पैन नंबर, आधार और बैंक अकाउंट डिटेल के आधार पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन हो जाता है और 72 घंटे के भीतर जीएसटीएन भी जारी कर दिया जाता है। जीएसटीएन जारी करने के लिए फिजिकल वेरिफिकेशन नहीं किया जाता। इस बात का फायदा उठाते हुए फर्जीवाड़ा करने वाले आसानी से फर्जी कंपनी खोल लेते हैं।

### जीएसटी चोरी करने का ऐसा है गणित

कारोबारी कैसे जीएसटी चोरी कर अपना टैक्स बचाते हैं, उसे इस तरह से समझा जा सकता है। उदाहरण के लिए ए नाम का कारोबारी जो कोई प्रोडक्ट बेचता है। उसने बी नाम से एक कंपनी बनाई। अब वह बी को बड़े पैमाने पर अपना प्रोडक्ट बेचता है। इस बिक्री के आधार पर फर्जी इनवॉयस तैयार हो जाता है। कारोबारी अपनी फर्जी कंपनी के नाम से जितने भी इनवॉइस जारी करता है, उस हिसाब से उसे आईटीसी का लाभ भी मिलता रहता है। इस तरह से कागजो पर बिक्री दर्शा कर कारोबारी आईटीसी का लाभ लेकर शासन को चूना लगाता है।

### कीमत कम दर्शाकर टैक्स चोरी

जीएसटी चोरी करने का दूसरा आसान रास्ता कीमत कम कर बिक्री करना है। उदाहरण के लिए किसी उत्पाद की कीमत 50 हजार रुपए है, दुकानदार उस उत्पाद को बगैर बिल लेने पर 45 हजार रुपए में बेचता है। बिल लेने पर उस उत्पाद का वास्तविक मूल्य टैक्स सहित 50 हजार रुपए वसूलता है। टैक्स बचाने दुकानदार यह भी कह सकता है कि टैक्स इनवॉयस 30 हजार का बना कर देते हैं और आप 15 हजार रुपए कैश पेमेंट कर दें। यह डील दोनों के लिए फायदेमंद होती है, लेकिन इसमें सरकार का नुकसान है। अगर वह फर्जी बिल के आधार पर लैपटॉप बेचता है, तो सरकार को पूरे टैक्स का नुकसान हुआ। अगर वह इनवॉयस पर कम बिल दिखाता है और साथ में कैश लेता है, तो भी सरकार को कम टैक्स मिल रहा है।

# पंडरी कपड़ा मार्केट के व्यापारियों को मीनल की दो टूक, दोनों ओर प्रवेश द्वार की अनुमति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडरी कपड़ा बाजार के व्यापारियों को महापौर मीनल चौबे ने दो टूक शब्दों में कहा है, नियमितीकरण में दुकान के दोनों ओर प्रवेश द्वार की अनुमति नहीं दी गयी है। इसीलिए शहर में अच्छी व्यवस्था देने जनहित में सहयोग करें। महापौर ने महात्मा गांधी सदन के मेयर कक्ष में चर्चा के लिए आए 19 प्रभावित व्यापारियों को ये बातें कही। गुरुवार को पंडरी के प्रभावित व्यापारी महापौर मीनल चौबे, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, आयुक्त विश्वदीप से चर्चा करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए सीलबंदी कार्रवाई के प्रकरण में परीक्षण करवाने आग्रह किया। दरअसल, पंडरी कपड़ा मार्केट की 19 दुकानों में नियम विपरीत सड़क की तरफ दुकान का शटर खोलकर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों की दुकानों को नगर निगम ने हाल ही में सीलबंद करने की कार्रवाई की। इसी सिलसिले में प्रभावित व्यापारियों ने गांधी सदन पहुंचकर महापौर मीनल चौबे, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, आयुक्त विश्वदीप से चर्चा की। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम ने सीलबंदी की कार्रवाई नियम अनुसार की है। चर्चा के दौरान महापौर कक्ष में नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, कार्यपालन अभियंता आशुतोष सिंह की उपस्थिति रही। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि व्यापारियों द्वारा साल 2025 में कराये गये नियमितीकरण में दुकान के दोनों ओर प्रवेश द्वार खोलने की अनुमति व्यापारियों को नहीं दी गयी है। विधायक पुरंदर मिश्रा ने व्यापारियों से कहा कि सीलबंदी प्रकरण में प्रशासन ने नियम अनुसार कार्रवाई की है। वे संबंधित क्षेत्र के विधायक हैं एवं इस प्रकरण में व्यापारियों के साथ खड़े हैं। उन्होंने रायपुर शहर को सुंदर बनाकर अच्छी व्यवस्था देने रायपुर नगर निगम को सहयोग देने कहा।

## 19 व्यापारियों ने दस्तावेज प्रस्तुत कर परीक्षण करवाने किया आग्रह



- उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, आयुक्त विश्वदीप रहे चर्चा में शामिल
- अधिकारियों ने बताया सीलबंदी की कार्रवाई नियम अनुसार

### नियम विपरीत दरवाजे से हो रही थी दिक्कत

पंडरी कपड़ा मार्केट के रोड में देवेन्द्र नगर, फाफाडीह व उसके आसपास के इलाके की दो दर्जन कालोनियों में रहने वालों का आना-जाना रहता है। नियम विपरीत मुख्य मार्ग की ओर दुकान का शटर खोलकर व्यवसाय करने से दुकान में आने वाले ग्राहकों और दुकानदार की गाड़ियां सड़क पर पार्क होने से सुबह-शाम जाम लगता था। लोगों की तकलीफ का कारोबारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा था। जन शिकायत के बाद महापौर मीनल चौबे ने निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ स्थल निरीक्षण कर निगम के अधिकारियों को जनहित में कार्रवाई करने निर्देश दिये। इसके बाद 19 दुकानों में सीलबंदी की गयी। व्यापारियों ने इसका विरोध करते हुए पूर्व पंडरी कपड़ा मार्केट के मेन गेट में ताला जड़कर विरोध भी जताया।

## देवेंद्र नगर एवं डूमरतराई स्थित आराध्या एग्रोटेक के गोदाम एवं दफ्तर में छापा


# अब्बा हुजूर ब्रांड के डुप्लिकेट चावल का कारोबार दिल्ली कोर्ट के आदेश पर रायपुर में छापामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अब्बा हुजूर ब्रांड के डुप्लिकेट चावल के बड़े कारोबार का पर्दाफाश हुआ है। दिल्ली कोर्ट पटियाला हाउस के आदेश पर गुरुवार को दो आयुक्त की टीम ने माना पुलिस के सहयोग से आराध्या एग्रोटेक कंपनी के डूमरतराई स्थित गोदाम और टैगोर नगर स्थित दफ्तर में छापा मारा। इस दौरान गोदाम से 180 टन चावल एवं ट्रकों में लदा 90 टन अब्बा हुजूर का चावल बरामद किया है। इसके साथ गोदाम से अब्बा हुजूर ब्रांड की थोक में खाली प्लास्टिक बोरियां सहित अन्य सामग्री भी बरामद की गई है, जिसके जरिए कंपनी के संचालकों द्वारा अब्बा हुजूर के चावल के नाम पर डुप्लिकेट चावल की बिक्री की जा रही थी।

- बड़े पैमाने पर अब्बा हुजूर ब्रांड का चावल के साथ डुप्लिकेट चावल एवं खाली बोरियां बरामद







### तेलंगाना की कंपनी वासंता राइस इंडस्ट्रीज की याचिका पर कोर्ट ने गठित की थी टीम

अब्बा हुजूर ब्रांड चावल का कारोबार करने वाली वासंता राइस इंडस्ट्रीज कंपनी मिर्यालगुडा तेलंगाना की है। इस कंपनी के प्रमुख संतोष रेड्डी ने प्रेस नोट जारी कर इस संबंध में जानकारी दी कि उन्होंने दिल्ली कोर्ट पटियाला हाउस में याचिका लगाई थी, जिसमें उनके द्वारा रायपुर की कंपनी आराध्या एग्रोटेक और नागपुर में शारदा राइस मिल के संचालकों द्वारा गुप्त तरीके से अब्बा हुजूर ब्रांड के चावल का भंडारण करने तथा ब्रांड के ट्रेडमार्क की प्लास्टिक बोरियों में डुप्लिकेट चावल भरकर बिक्री की जा रही है। कोर्ट ने इस मामले में 5 जून को आदेश जारी कर दो न्यायालय आयुक्तों को नियुक्ति किया था। इस निर्देश के अनुपालन में टीम गुरुवार को रायपुर पहुंची और यहां माना पुलिस का सहयोग लेकर आराध्या एग्रोटेक के गोदाम और दफ्तर में छापा मारा।

### पहले दफ्तर फिर गोदाम में मारा छापा, दोनों सील

टीम आराध्या एग्रोटेक कंपनी के संचालक नरेंद्र और किशन खेतपाल के पहले टैगोर नगर स्थित दफ्तर पहुंची। इस दफ्तर से अहम दस्तावेज जब्त कर इसे सील किया। इसके बाद टीम डूमरतराई स्थित एकता नगर टेमरी में कंपनी के गोदाम पहुंची। गोदाम से 180 टन और ट्रकों में लोड 90 टन चावल के साथ थोक में अब्बा हुजूर ब्रांड की प्लास्टिक बोरियां जब्त की। कार्रवाई में पता चला कि ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर डुप्लिकेट चावल बेचा जा रहा था।

### नागपुर में भी कार्रवाई

जानकारी के अनुसार टीम ने नागपुर में तारसा परिसर स्थित शारदा राइस मिल में भी छापा मारकर वहां से बड़े पैमाने पर अब्बा हुजूर का भंडारण किया गया चावल के साथ डुप्लिकेट चावल एवं खाली बोरियां बरामद की हैं। सूत्रों से पता चला है कि आयुक्त ने कानून और नियमों के अनुसार छापेमारी करते हुए दफ्तर और गोदाम दोनों सील कर दिए हैं।

# शराब घोटाले का आरोपी विजय भाटिया न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए विजय भाटिया की पुलिस रिमांड समाप्त होने पर उसे गुरुवार को ईओडब्लू की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईओडब्लू के वकील ने कोर्ट को विजय से पूछताछ कंपलीट होने की जानकारी दी। इसके बाद कोर्ट ने भाटिया को 12 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

- भारतमाला परियोजना घोटाले की सुनवाई 25 जून को

ईओडब्लू ने शराब घोटाला में लंबे अरसे से फरार चल रहे विजय भाटिया को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। ईओडब्लू ने विजय से पूछताछ करने तीन बार 11 दिन के लिए पुलिस रिमांड हासिल कर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान विजय ने शराब घोटाले को लेकर ईओडब्लू के अफसरों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है। इसी दौरान ईओडब्लू के अफसरों ने पप्पू बंसल से भी पूछताछ की है। दोनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर ईओडब्लू के अफसर जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे।



### भारतमाला की सुनवाई 25 को

48 करोड़ रुपए के भारतमाला परियोजना भू-अर्जन घोटाला में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद जमीन दलाल हरमीत खनूजा, केदार तिवारी, उसकी पत्नी उमा तिवारी तथा विजय जैन को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने चारों आरोपियों की सुनवाई तिथि 25 जून तक के लिए बढ़ा दी है। ईओडब्लू के अफसरों ने भारतमाला परियोजना घोटाला में डेढ़ माह पूर्व 25 अप्रैल को 20 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। घोटाला में चारों के शामिल होने के साक्ष्य मिलने के बाद ईओडब्लू के अफसरों ने चारों को गिरफ्तार किया है।

# उद्योगों से प्रापर्टी टैक्स लेने बन रहा प्रस्ताव निगम को हर साल 7 करोड़ की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम सीमा क्षेत्र स्थित औद्योगिक इकाइयों से पूर्व की तरह प्रापर्टी टैक्स वसूलने का सिलसिला एक बार फिर शुरू हो सकता है। इसके लिए संबंधित जोन से औद्योगिक इकाइयों का ब्योरा और पूर्व में लिये जा रहे संपत्तिकर की जानकारी जुटाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक औद्योगिक इकाइयों को संपत्ति कर में छूट से नगर निगम को हर साल 7 करोड़ की चपत लग रही है। तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में उद्योगपतियों की मांग पर संपत्ति कर में छूट दी गयी थी, जबकि नगर निगम की वित्तीय स्थिति ऐसी नहीं है कि अपने कर्मचारियों, अधिकारियो का वेतन, पेंशन, बिजली बिल सहित अन्य जरूरी खर्चे खुद के संसाधन से जुटा सके। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों से नियम अनुसार करारोपण पर विचार चल रहा है। रायपुर नगर निगम के जोन 1 क्षेत्र में सबसे ज्यादा औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जिसमें उरला, सिलतरा, भनपुरी, गोगांव एरिया शामिल है। इन उद्योगों से नगर निगम को पूर्व में 5 करोड़ का एकमुश्त राजस्व प्राप्त होता रहा। उसी तरह जोन 8 के गोंदवारा, हीरापुर, सोनडोंगरी और जोन 9 के आमासिवनी में स्थित औद्योगिक इकाइयों से 2 करोड़ का संपत्ति कर प्राप्त होता था। कांग्रेस शासन काल में अगस्त 2023 से नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों को संपत्ति कर से मुक्त किये जाने के बाद पिछले दो साल में नगर निगम को करीबन 14 करोड़ के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

- उरला, सिलतरा, भनपुरी, गोगांव गोंदवारा में स्थित है औद्योगिक इकाइयां



### नियम अनुसार टैक्स लेने पर विचार

निगम सीमा क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों से संबंधित जोन के माध्यम से संपत्ति कर लेने का प्रावधान है। पूर्व में इस तरह की व्यवस्था रही है, इसलिए औद्योगिक इकाइयों से नियम अनुसार संपत्ति कर लेने पर विचार किया जा रहा है।

**- मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

# जब्बार नाला के पास बेजा कब्जा, विधायक ने कहा- सीमांकन के बाद तत्काल हटवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने निगम आयुक्त विश्वदीप, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन सहित वार्ड पार्षदों के साथ नालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब्बार नाला के पास अवैध कब्जा पाये जाने पर नाले का सीमांकन करवाकर कब्जा हटवाने निगम आयुक्त विश्वदीप को निर्देश दिए। अविवा गार्डन के पास पुलिया सकरी और छोटी होने से गंदा पानी जमा होने की शिकायत को देखते हुए आसपास की जमीन का सीमांकन कर पुलिया चौड़ीकरण की जरूरत बतायी। वृंदावन अपार्टमेंट के पास वाली जमीन पर अवैध कब्जा कर गोशाला बनाने की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने निर्देशित किया।

विधायक मोतीलाल साहू ने गुरुवार सुबह रायपुर ग्रामीण क्षेत्र स्थित नगर निगम जोन 9 के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड और डॉक्टर भीमराव आंबेडकर वार्ड क्षेत्र के विभिन्न नालों का निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर स्थल समीक्षा की। इस दौरान श्री साहू ने बारिश सभी नालों को कब्जा मुक्त करवाने अभियान चलाने के निर्देश दिये, ताकि तेज बारिश के समय रहवासी इलाकों में जलभराव की समस्या न हो। बालाजी हास्पिटल के समीप रहवासी इलाके में जलभराव की समस्या को दूर करने और दलदल सिवनी चौक पर जब्बार नाले के पास अवैध कब्जा हटाकर नाले का सीमांकन करवाने निगम आयुक्त विश्वदीप को निर्देशित किया। इसी तरह जोगी डबरी वाली जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण करने वाले को नोटिस देकर व्यवस्थापित करने दिशा-निर्देश दिए। साथ ही अवैध रूप से ठेला-खोमचा को हटाये जाने की हिदायत दी।



### हास्पिटल के पास मिट्टी का टीला दुबे कालोनी में जलभराव का अंदेशा

विधायक मोतीलाल साहू ने पार्षद सावित्री धीवर, देवदत्त द्विवेदी, मोहन कुमार साहू और जोन कमिश्नर संतोष पांडे के साथ स्थल निरीक्षण के दौरान रिलायंस भवन के पास कोकिलाबेन हास्पिटल के समीप पहाड़नुमा मिट्टी के टीला के कारण दुबे कालोनी में बारिश के दौरान जलभराव का अंदेशा देखते हुए उसे हटवाने जोन कमिश्नर को निर्देशित किया। वहीं महात्मा गांधी वार्ड के सड्डू में गंदे पानी के निकास के लिए बनायी गयी नाली में पर्याप्त ढाल नहीं दिये जाने की शिकायत आयी। जोन 9 सीमा क्षेत्र में शामिल होने के बाद भी निकास नाली और सुगम आवागमन के लिए सड़क की समस्या को देखते हुए पूर्व मे विधायक मोतीलाल साहू ने विधानसभा में इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। राज्य शासन के संज्ञान में आने पर वहां नगर निगम ने 1 करोड़ खर्च कर पक्की सड़क बनवाई पर गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिये से सड़क खस्ताहाल स्थिति में पहुंच गयी है। साथ ही हाल में बनवायी गयी नई निकास नाली से गंदे पानी का निकास नहीं हो रहा है। इसकी शिकायत वहां के रहवासियों ने की है। इसी तरह बंजरपारा में बेजा कब्जा हटाने की मांग की गयी। स्थल समीक्षा के दौरान विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास सहित अन्य संबंधित जोन के अधिकारियो की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### बंजारी स्कूल के पुराने शिक्षकों का स्थानांतरण रोकने की मांग

**रायपुर।** अभनपुर के ग्राम पंचायत चेरिया की सरपंच तृप्ति तिवारी ने शासकीय प्राथमिक स्कूल बंजारी में पुराने शिक्षकों का स्थानांतरण रोकने और नवीन पदस्थ शिक्षकों का स्थानांतरण करने की मांग कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से की है। सरपंच श्रीमती तिवारी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस स्कूल में नवीन पदस्थ प्रधानपाठक 20 दिसंबर 2024 को पदस्थ हुए हैं, जो कि उपस्थिति के बाद आज तक मात्र 15 दिन ही स्कूल आए हैं, शेष दिनों में वे सीएससी का कार्य कर रहे हैं। साथ ही एक शिक्षक मुकेश साहू है, जिसका परिवीक्षा अवधि 25 मई 2025 को समाप्त हो चुकी है। इस स्कूल में सिर्फ जनकराम साहू और अस्मिता शर्मा लगातार लंबे समय से पदारथ हैं। वे दोनों शिक्षक सराहनीय कार्य करते हुए अध्ययन-अध्यापन करा रहे हैं, इसलिए पुराने लगभग 15 सालों से पदस्थ शिक्षकों का स्थानांतरण रोकने और नवीन पदस्थ शिक्षकों का स्थानांतरण करने की मांग जिला प्रशासन से की है।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना मृतात्माओं को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए भीषण विमान हादसे की खबर ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा, अहमदाबाद विमान हादसा अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। हम दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## निधन

### तुलसी बाई सोनी

**रायपुर।** बूढ़ापारा डेंग्वेकर गली निवासी तुलसी बाई सोनी (95) का 12 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 जून को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के संस्थापक अध्यक्ष स्व. जगरामजी कुकरा की पत्नी और चेतन कुमार, शिव कुमार, प्रहलाद कुमार, अशोक कुमार की माता थीं।




### दीपा सोनी

**रायपुर।** दुर्ग पाटन निवासी दीपा सोनी का 12 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जून को उनके निवास स्थान से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे किशोर कांटा की पुत्रवधू और विशाल कांटा की पत्नी थीं।



### उम्मेदचंद बैद

**रायपुर।** शैलेंद्र नगर निवासी उम्मेदचंद बैद (68) का 12 जून को अहमदाबाद में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जून को उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. प्रेमराज बैद के पुत्र और जयचंद, जितेंद्र, निर्मल, कमल, बसंत के भाई एवं दिग्विजय के पिता थे।




### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री टीकाराम पिता श्री लखन निवासी ग्राम खैरखूंट, तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) के हक कब्जे एवं स्वामित्व की कृषि भूमि खसरा नंबर 47 रकबा 0.2430 हे. भूमि के मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया जा रहा है, जो ग्राम खैरखूंट, प.ह.नं.-03, रा.नि.म. तरपोंगी तहसील तिल्दा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, मात्र विक्रयपत्र का पंजीयन एवं निष्पादन किया जाना शेष है ।

अतः उपरोक्त संपत्ति के सव्यंवहार अथवा उसके हक व हित, आधिपत्य या स्वामित्व के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग, साहूकार अथवा बैंक को किसी भी प्रकार की कोई उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर अपना लिखित आपत्ति मय प्रमाण के मेरे नीचे लिखे पते या प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करवाने हेतु स्वतंत्र हो जावेगा तथा तत्पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी व बाध्यकारी नहीं होगी तथा वह प्रारंभ से ही शून्य व अवैध माना जावेगा। सो सूचना ताकीद जाने।

**अतः ताकीद जाने ।**

रायपुर
दिनांक 12.06.2025 **भवदीय**
**पी.के. प्रधान ( अधिवक्ता)**
**पता-ब्लाक नंबर 72/856,**
**दीनदयाल आवास, कबीर नगर**
**रायपुर जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.-9827915986**

### आम सूचना का खण्ड़न

**वाके मौजा-धनेली-2, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं.-रायपुर-01 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं.- 239/16 रकबा 0.2840 हेक्टे. भूमि के संबंध में श्री लाखेश्वर चन्द्राकर अधिवक्ता सिविल लाईन रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में प्रकाशित आम सूचना दिनांक 06/06/2025 का खण्ड़न है।**

मैं अपने पक्षकार श्री कामता प्रसाद यदु पिता स्व. फगवा राम यदु, ग्राम-डंगनिया, पानी टंकी के पास, रायपुर छ.ग. की ओर से प्राप्त अधिकारी निर्देशानुसार उक्त प्रकाशित आम सूचना का खण्ड़न करता हूँ कि ऊपर उल्लेखित भू-संपत्ति का संव्यवहार मेरे पक्षकार से विक्रय इकरारनामा के अनुसार पूर्व में हो चुका है, जिसकी बयाना राशि दिया जा चुका है। अभी उक्त आम सूचना में उल्लेखित कथित क्रेता-रामस्वरूप देवांगन पिता स्व. श्री बालकराम देवांगन निवासी-एम.आई.जी. 07 मित्रा कॉलोनी, मीनाक्षी नगर दुर्ग द्वारा विक्रेता-श्रीमती सुशीला साहू पति श्री रामखिलावन साहू, निवासी-माना बस्ती धनेली, रायपुर छ.ग. द्वारा गुमराह कर गलत जानकारी देकर आम सूचना निष्पादित किया गया है। इसलिये ऊपर उल्लेखित कारण से मैं अपने पक्षकार की ओर से उक्त प्रकाशित आम सूचना का खण्ड़न करता हूँ।

अतः सर्वसाधारण एवं कथित भावी क्रेता को सूचित, ताकित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति संस्था/ निगम / निकाय/बैंक साहूकार उक्त भूमि के संबंध में क्रय-विक्रय व अन्य रीति से अंतरण बाबत किसी भी तरह का संव्यवहार, सौदा अनुबंध इत्यादि उक्त कथित भूमि स्वामी से नहीं करें यदि ऐसा करता है या किया जाता है तो वह अनावश्यक रूप से उक्त उल्लेखित कथित संव्यवहार शून्य व अवैध होगा जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**अतः सो सूचना जाने।**

स्थान :- रायपुर छ.ग.
दिनांक-13/06/2025 **भवदीय**
**उत्तम कुमार सतपथी (अधिवक्ता)**
**Mob. 99932-41006**


## पेज 11 के शेष

### यात्रियों को नहीं भा...

पड़ताल की, तो सामने आया कि रायपुर से बिलासपुर तक यात्रियों को स्टेशन पर मिलने वाला समोसा और पैकिंग में दिए जाने वाले थेपला व सैंडविच पसंद नहीं आए हैं। यात्रियों की मुख्य शिकायत रही कि पैकेट में रखे खाने से दुर्गंध आती है। वहीं, ट्रेनों में भी यात्रियों को गर्म और ताजा खाना नहीं मिलने की शिकायतों में इजाफा हुआ है। कुछ मामलों में खाने में चींटियां पाए जाने की शिकायतें भी रेल मदद पोर्टल के जरिए दर्ज कराई गई हैं।

### सूदखोर तोमर ब्रदर्स...

पुलिस ने मंगलवार देर शाम तोमर के दो करीबी ऋषभ सिंह तथा रवींद्र सिंह के निवास पर छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई में दोनों सहयोगियों के निवास से पुलिस ने तोमर भाइयों से जुड़े करोड़ों की प्रापर्टी के दस्तावेज के साथ सोने-चांदी के जेवर जब्त किए थे। बताया जा रहा है, पुलिस इसी सिलसिले में पूछताछ करने वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी से पूछताछ करने उसके निवास पहुंची थी। निवास में हंगामा होते देख पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी को हिरासत में लिया है।

### यू-टयूबर से मारपीट...

गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में संगीता सिंह अपने आपको करणी सेना महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष बताया है।

### बीएड प्रवेश परीक्षा...

इसके लिए खत लिखा गया था। इस तिथि तक कई प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जा चुकी थीं। प्रवेश परीक्षाएं आयोजित कराने के लिए अधिसूचना जारी करने, तिथि निर्धारण, सिलेबस, प्रवेशपत्र जारी करने से लेकर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण, प्रश्नपत्रों का निर्माण, मॉडल आसंर सहित कई तरह की प्रक्रियाएं पूर्ण करनी होती है। कम वक्त में इसे करने में असमर्थता जाहिर करते हुए व्यापम ने इससे इनकार किया है। व्यापम प्रवेश परीक्षाओं का सिलसिला अप्रैल अंत अथवा मई के प्रथम सप्ताह से शुरू कर देना है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया मार्च माह में प्रारंभ होती है। विभाग सामान्यतः जनवरी तक प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रस्ताव भेज देते हैं।


HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
धातु, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राज्य अतिथि शिक्षकों ने की नियमितीकरण की मांग

**रायपुर।** प्रदेशभर के राज्य अतिथि शिक्षकों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। स्थायीकरण करने की मांग से उन्हें अवगत कराते हुए बताया कि वर्ष 2016 से विद्या मितान के रूप में कार्य रहे राज्य अतिथि शिक्षक को मानदेय सिर्फ शिक्षण सत्र तक दिया जाता है, जबकि उनकी डयूटी नियमित शिक्षक की भांति तेंदूपत्ता संग्रहण, जनगणना, सुशासन तिहार, चुनाव निर्वाचन, बोर्ड परीक्षा कार्य में पर्यवेक्षक के रूप में लगायी जाती है। आज तक राज्य अतिथि शिक्षकों का स्थायीकरण नहीं किया गया। उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जायेगा। दरअसल, बस्तर एवं सरगुजा संभाग के सुदूर क्षेत्रों एवं मांडा पैकेट में करीब 1680 राज्य अतिथि शिक्षक वर्ष 2016 से कार्यरत हैं।

### प्रदेश स्तरीय गुरु बालक दास वेशभूषा स्पर्धा 15 को

**रायपुर।** रायपुर के समीप स्थित डोमा में प्रदेश स्तरीय गुरु बालकदास वेशभूषा स्पर्धा आयोजित है।



इसमें सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा धारण करने वाले प्रतिभागी विजेता को प्रथम पुरस्कार 21 हजार और द्वितीय विजेता को 15 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया कि 15 जून को समाज के बच्चों को अपने धर्म संस्कृति एवं समाज के कार्य के प्रति जागरूक बनाने यह पहल की जा रही है। विविध प्रकार के रूपों में विद्यार्थी अपने स्कूलों एवं अन्य जगहों पर तैयार होकर शामिल होते हैं। समाज के बच्चों को वीर बलिदानी राजा गुरु बालक दास साहेब की वेशभूषा में पोषक धारण कर एक मंच पर लाने यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

# बैज ने नेताम, केदार और महेश को भेजा मानहानि का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, केदार कश्यप और महेश कश्यप को मानहानि का नोटिस भेजा है।

उन्होंने नेताम को अपने बयान के लिए 15 दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने कहा है, अन्यथा अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की चेतावनी दी गई है।

### प्रेसवार्ता में बैज से पूछा- कहीं उन्होंने ईसाई धर्म तो नहीं अपना लिया

#### नेताम ने दिया था यह बयान

पिछले दिनों आरआरएस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद चर्चा में आये छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आदिवासी नेता अरविन्द नेताम ने बैज से पूछ लिया था कि कहीं उन्होंने ईसाई धर्म तो नहीं अपना लिया है। दरअसल नेताम ने कांग्रेस पार्टी पर कई आरोप मढ़े थे। उन्होंने प्रमुख रूप से आदिवासियों के धर्मान्तरण पर चर्चा की और इसी दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर नेताम ने निशाना साधते हुए पूछ डाला कि कहीं उन्होंने ईसाई धर्म तो नहीं अपना लिया है? नेताम के इस सवाल से दीपक बैज बौखला गए हैं। उन्होंने नेताम को सीधे-सीधे नोटिस थमा दिया है।





#### 15 दिन में मांगें सार्वजिनक माफी अन्यथा करेंगे कानूनी कार्रवाई

उन्होंने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से यह नोटिस भेजा है। विधिक सूचना तीनों के पते पर भेजी जा रही है, जिसका जवाब आप मेरे पते पर अपने स्वयं के द्वारा या अपने अधिवक्ता के माध्यम से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। मेरे पक्षकार की छवि धूमिल करने की दूषित मंशा से आपके द्वारा किये गए अनैतिक कृत्य के लिए मेरे पक्षकार से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा मेरे पक्षकार आपके विरुद्ध न्यायालयीन कार्रवाई करने / आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कराने हेतु बाध्य रहेंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

## 'ईमानदारी की आत्महत्या' छात्रों ने विवि प्रबंधन पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में छात्रों ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एक बार फिर विरोध प्रदर्शन किया। इस बार छात्रों ने कृषि विवि के भ्रष्टाचारों से आहत होकर ईमानदारी को आत्महत्या करते हुए प्रतीकात्मक रूप से दिखाया। छात्रों का आरोप है कि कुलपति गिरीश चंदेल के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में वित्तीय और प्रशासनिक घोटालों सामने आई है, लेकिन कुलपति छात्रों से संवाद नहीं कर रहे हैं। छात्रवृत्ति की राशि में कटौती, निर्माण कार्य में गड़बड़ी सहित अन्य आरोपों पर छात्रों ने कुलपति से इस्तीफे की मांग की है। विश्वविद्यालय कैंपस में चल रहे निर्माण कार्य में गड़बड़ी और नियम विरूद्ध निजी ठेकेदारों को टेंडर दिए जाने के आरोप छात्र पहले भी लगा चुके हैं।

■ कृषि विवि में वित्तीय और प्रशासनिक घोटालों को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

#### पारदर्शिता नहीं

छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पारदर्शिता को समाप्त कर दिया गया है। इस प्रतीकात्मक विरोध में ईमानदारी के पुतले को फांसी पर लटकाया गया। फांसी के बाद ईमानदारी की अर्थी को कंधा देकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक भवन तक मार्च निकाला और प्रशासनिक भवन के सामने घंटेभर तक नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। विरोध-प्रदर्शन में कुणाल दुबे, अनुज शुक्ला, गावेश साहू, शुभम शर्मा, अंकित बंजारे, ओझ पांडे सहित अन्य एनएसयूआई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

### विमान दुर्घटना को बताया हृदयविदारक और दुखद

# राज्यपाल, सीएम, नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य नेताओं ने शोक जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने एवं यात्रियों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री डेका ने हादसे को अत्यंत पीड़ा दायक बताते हुए दिवंगत यात्रियों के प्रति अपनी संवेदना प्रगट की है। उन्होंने कहा, इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी मृतात्माओं को ईश्वर शांति प्रदान करे एवं उनके परिजनों को इस विकट परिस्थिति में धैर्य एवं संबल प्रदान करे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुजरात के अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना को अत्यंत हृदयविदारक और दुखद घटना बताया है। उन्होंने इस भीषण दुर्घटना में मृत यात्रियों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, अहमदाबाद में एयर इंडिया प्लेन क्रैश होने की खबर बेहद चिंता जनक है। बड़ी संख्या में यात्रियों के सवार होने और रिहाइशी क्षेत्र में प्लेन के गिरने से और भयावह दुर्घटना की आशंका है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी इस घटना पर शोक व्यक्त किया है।









#### डॉ. रमन ने कहा- दुखद घटना

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। इस हृदयविदारक घटना में हताहत हुए लोगों के परिजनों को ईश्वर यह अपार दुःख सहने की शक्ति दे। मैं प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करता हूं कि सभी घायलों को शीघ्र स्वास्थ लाभ प्रदान करे। विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के दुखद निधन से मन व्यथित है। श्री रूपाणी एक सरल, सहज, कर्मठ और जनता के प्रति समर्पित जननायक थे। उनका जाना भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

#### देव ने दी श्रद्धांजलि



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे शब्दातीत और हृदयविदारक घटना बताया और हादसे में मृत लोगों को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी है। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मृत्यु पर भी गहन संवेदना व्यक्त करते हुए इसे भाजपा-परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

#### हादसे के शोक में आज कांग्रेस का संगठनात्मक कार्यक्रम रद्द

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा हृदय विदारक है। कांग्रेस पार्टी मृतकों और घायलों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती है। इस दुर्घटना ने पूरे राष्ट्र को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्द को व्यक्त करने के लिए कोई शब्द नहीं है। हम इस दुर्घटना के पीड़ति परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हैं। इस हादसे के शोक में प्रदेश कांग्रेस ने कल के अपने सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है।

## निगम की अपील समिति में 10 प्रकरणों की सुनवाई 4 निराकरण की स्थिति में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की अपील समिति की गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इसमें बेजा कब्जा, राजस्व, नामांतरण और तोड़फोड़ के प्रकरण शामिल रहे।

गांधी सदन के सभागार में महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में अपील समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के बाद महापौर मीनल चौबे ने कहा कि अपील समिति में कई वर्षों से मामले लंबित हैं, जिसकी लगातार सुनवाई करके सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा। बैठक में 10 प्रकरणों में से 4 प्रकरण निराकरण की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि शहर की जनता पर किसी भी तरह से थोपे गए आदेशों के विरुद्ध अपील समिति से लोग न्याय की आशा रखते हैं। अपील समिति की बैठक में बेजा कब्जा, राजस्व, नामांतरण, तोड़फोड़ के प्रकरण की सुनवाई की गयी। बैठक में नगर निगम अपील समिति की पदेन अध्यक्ष महापौर मीनल चौबे, समिति के मानद सदस्य एवं पार्षद राजेश गुप्ता, स्वप्निल मिश्रा, महेंद्र औसर, विनय पंकज निर्मलकर, नगर निगम सचिव सूर्यकान्त श्रीवास्तव, निगम के विधिक सलाहकर व अधिवक्ता टीआर गुप्ता उपस्थित थे।

■ शहर की जनता पर किसी भी तरह से थोपे गए आदेशों के विरुद्ध अपील समिति से लोग न्याय की आशा रखते हैं

## बिजनेस साइट

### रायपुर की गर्मी में 'डिज्नीलैंड फन फेयर' बना राहत और रोमांच का नया ठिकाना



**रायपुर।** इस तपती गर्मी में रायपुरवासियों को राहत देने और मनोरंजन का नया अनुभव देने के लिए रावणभाठा मैदान, अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास 'डिज्नीलैंड फन फेयर' का आयोजन किया गया है।

मेले की सबसे बड़ी खासियत 12000 वर्गफुट में बनी 'कश्मीर सिटी' है, जहां प्रवेश करते ही तापमान में गिरावट का एहसास होता है। बर्फ से ढंके पहाड़, झरनों की गूंज, चमचमाती लाइट्स और जीवों की आकर्षक प्रतिकृतियां बच्चों और बड़ों, सभी का मन मोह रही हैं। मेले में लगे एडवेंचर राइड्स लोगों को खूब भा रहे हैं। जिसमें जाएंट व्हील, स्क्रीम टॉवर, ब्रेक डांस, कोलंबस, मिकी माउस ट्रेन और डैशिंग कार जैसे राइड्स हैं। क्रॉफ्ट बाजार भी मेले का प्रमुख आकर्षण है, जहां देशभर से आए कारीगर अपने खास उत्पाद लेकर पहुंचे हैं।

हैंडलूम साड़ियों से लेकर पारंपरिक आभूषण, लकड़ी का फर्नीचर और होम डेकोर आइटम्स उपलब्ध हैं। खानपान के शौकीनों के लिए भी मेले में विविध व्यंजनों का स्वादिष्ट संगम है।

■ 'कश्मीर सिटी' बना मुख्य आकर्षण

### मैट्स विश्वविद्यालय में एनजीओ मीट-2025 का आयोजन कल से

MATS UNIVERSITY

**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय के सोशल वर्क विभाग द्वारा भावना फाउंडेशन के सहयोग से आगामी 14 जून को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यशाला एनजीओ मीट-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ समेत देशभर की 60 से अधिक नामचीन राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्थाएं भाग लेंगी।

यह आयोजन विश्वविद्यालय के पंडरी स्थित इम्पैक्ट सेंटर में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यशाला का उद्देश्य सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी विभागों को एक साझा मंच प्रदान कर समाजसेवा की दिशा में प्रभावशाली सहयोग को बढ़ावा देना है। इस वर्ष कार्यशाला की थीम 'शिक्षार्थ से सेवार्थ तक' रखी गई है, जो छात्रों को सामाजिक सेवा की ओर प्रेरित करने का संदेश देती है। कार्यक्रम में मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति प्रो. केपी यादव, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा व अन्य गणमान्य नागरिक भी शामिल होंगे।

■ देशभर की 60 से अधिक समाजसेवी संस्थाएं लेंगी हिस्सा







*चार किलो गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार : रायपुर। मौदहापारा पुलिस ने एक मुखबिर की सूचना पर अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 हजार रुपए कीमत का चार किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश प्रयागराज निवासी विनोद निषाद को गिरफ्तार किया है। विनोद गांजा बेचने की फिराक में शहीद स्मारक भवन के पास संदिग्ध हालत में खड़ा था।*








चेहरे पर लगाएं आंवला और चुकंदर...

## एजूकेशन अलर्ट

### छग में कॉन्स्टेबल पदों पर भर्ती शुरू 12वीं पास युवा कर सकते हैं आवेदन

**रायपुर।** पुलिस विभाग ने सरकारी नौकरी की खोज कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से आबकारी आरक्षक के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 27 जून 2025 तक जारी रहेगी। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथियों के अंदर केवल ऑनलाइन माध्यम से सीजी व्यापम की ऑफिशियल वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर जाकर या इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक कर फॉर्म भर सकते हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ राज्य का स्थाई निवासी होना चाहिए। इसके साथ ही अभ्यर्थी ने मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 (इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण किया हो। इस भर्ती में शामिल होने के लिए पुरुष अभ्यर्थियों की न्यूनतम लंबाई 167.5 सेमी होनी चाहिए। एससी/ एसटी वर्ग से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए लंबाई 165 सेमी निर्धारित है। इसके अलावा पुरुष का सामान्य रूप में सीना 81 सेमी और फुलाकर 86 सेमी होना अनिवार्य है। महिला उम्मीदवारों के लिए लंबाई 152.4 सेमी तय की गई है।



#### एप्लीकेशन प्रोसेस

इस भर्ती में आवेदन के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट **vyapamcg.cgstate.gov.in** पर विजिट करें। वेबसाइट के होमपेज पर आपको ऑनलाइन एप्लीकेशन लिंक पर क्लिक करना होगा। अब अगले पेज पर कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ रायपुर के अंतर्गत आबकारी आरक्षक पदों की भर्ती परीक्षा पर क्लिक करना है। **Online Application Form** पर क्लिक करने के बाद क्रिएट न्यू प्रोफाइल पर क्लिक करें और मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण कर लें। रजिस्ट्रेशन होने के बाद अभ्यर्थी लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा कर लें। अंत में निर्धारित शुल्क जमा करके फॉर्म को सबमिट कर दें और भविष्य के सन्दर्भ के लिए उसका एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

#### शुल्क ऑनलाइन माध्यम से

*आवेदन के साथ सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को शुल्क के रूप में 350 रुपए, ओबीसी वर्ग को 250 रुपए और एससी/एसटी वर्ग को 200 रुपए जमा करना होगा। शुल्क भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है।*

## साइंस ग्रुप में 80 प्रतिशत तक कटऑफ, 70 से ऊपर कॉमर्स, 69 कला संकाय

# हाईस्कूल से हायर सेकेंडरी में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का कॅरियर के लिहाज से संकाय चयन, विज्ञान, कला-वाणिज्य में अधिक रुचि

***रायपुर।** हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी कर हायर सेकेण्डरी में प्रवेश के लिए संकायवार विषयों का चयन नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के कॅरियर की दिशा तय करेगा। ऐसे में बड़ी सावधानी से विद्यार्थी अपने रुचि के मुताबिक संकाय विषयों का चयन कर रहे हैं, ताकि वे अपनी पसंद के क्षेत्र में भविष्य बना सकें। हाईस्कूल 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं। सफल हुए छात्र-छात्राएं हायर सेकेंडरी की 11वीं कक्षा में नवप्रवेशी के रूप में प्रवेश ले रहे हैं। ऐसे में हाईस्कूल से हायर सेकेंडरी संकायवार शिक्षा पद्धति में प्रवेश ले रहे इन विद्यार्थियों की रुचि किसी संकाय के विषयों को लेकर घटी या बढ़ी है। इसकी जानकारी व प्रवेश प्रक्रिया की स्थिति जानने शहर के प्रमुख सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूलों में उपलब्ध संकायों, नवप्रवेशी बच्चों की रुचि से जुड़े विषयों को लेकर उन हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों से बातचीत की गई। इस पर स्कूल के प्राचार्यों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी।*



### साइंस ग्रुप में अधिकतम 80 प्रतिशत तक कटऑफ

मायाराम सुरजन हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय चौबे कॉलोनी की प्राचार्य भावना तिवारी ने बताया कि उनके यहां 11वीं कक्षा में गणित, विज्ञान, वाणिज्य, कला चार संकाय उपलब्ध है। बॉयोलाजी, गणित संकायों में प्रवेश के लिए अधिकतम 80 प्रतिशत तक कटऑफ रखा गया है। वहीं 70 प्रतिशत से ऊपर वाणिज्य संकाय और कला संकाय के लिए 69 से नीचे प्राप्तांक कटऑफ निर्धारित है। पिछले सत्र में 10वीं कक्षा में 90 व 12वीं में 190 विद्यार्थियों की संख्या थी। उनमें से शत-प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण रहे हैं। 6 विद्यार्थी ऐसे हैं, जो सेकेंड डिवीजन से उत्तीर्ण हुए हैं, बाकी अन्य सभी बालक-बालिकाएं प्रथम डिविजन से उत्तीर्ण हैं, एक भी बच्चे थर्ड डिवीजन या असफल नहीं हुए हैं। 11वीं कक्षा के लिए एडमिशन की प्रक्रिया विद्यालय में शुरू हो चुकी है। कॅरियर के लिहाज से छात्र-छात्राएं संकायों का चयन कर रहे हैं। वैसे तो गणित, कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय सभी के लिए बड़ी संख्या में प्रवेश हो रहे हैं, लेकिन नवप्रवेशी विद्यार्थियों में विज्ञान व वाणिज्य को लेकर अच्छा-खासा रुझान देखा जा रहा है।

### विज्ञान-वाणिज्य संकाय का अधिक चयन

जेएन पांडेय हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य सुचिता पांडेय ने बताया कि उनके स्कूल में गणित, विज्ञान, वाणिज्य, कला संकाय में 11वीं कक्षा के लिए प्रवेश जारी है। सभी संकायों के लिए 45 से 50 सीटें निर्धारित हैं। कला संकाय में 51 से 55 प्रतिशत कटऑफ, साइंस ग्रुप में विज्ञान संकाय में 60 प्रतिशत, गणित संकाय के लिए 60 से ऊपर कटऑफ रखा गया है। वहीं वाणिज्य संकाय के लिए 56 से 60 प्रतिशत तक कटऑफ रखा गया है। 10वीं से 11वीं कक्षा में नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं में विज्ञान संकाय व कॉमर्स संकाय के लिए विगत कुछ वर्षों में रुचि बढ़ी है।



### हिंदी माध्यम से कॉमर्स संकाय में प्रवेश का आंकड़ा ज्यादा

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट अंग्रेजी-हिंदी एक्सीलेंस स्कूल लालपुर की प्राचार्य अंजूलता सारस्वत ने बताया कि उनके यहां इंग्लिश व हिंदी दो माध्यम से पढ़ाई होती है। हिंदी माध्यम में 11वीं कक्षा के लिए गणित, विज्ञान और वाणिज्य संकाय उपलब्ध है। वहीं इंग्लिश मीडियम में गणित व विज्ञान दो संकाय में पढ़ाई होती है। इस सत्र में 10वीं में 69 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं, जो 11वीं कक्षा में प्रवेश लेंगे। इंग्लिश मीडियम में विज्ञान संकाय में गणित संकाय के मुकाबले बच्चों की संख्या ज्यादा रहती है। वहीं हिंदी माध्यम में कॉमर्स संकाय में सबसे अधिक बच्चे प्रवेश लेते हैं। स्कूल में दोनों ही माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

### कला-वाणिज्य संकाय की दो सेक्शन में पढ़ाई

जेआर दानी शासकीय कन्या उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय के प्राचार्य हितेश दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि 11वीं कक्षा में नवप्रवेशी बालिकाओं के लिए गणित, विज्ञान, वाणिज्य, कला, होम सांइस संकाय सहित व्यावसायिक विषय भी उपलब्ध हैं। 10वीं से 12वीं तक स्कूल में विगत वर्ष दर्ज संख्या 1700 के आसपास रही है। हमारे विद्यालय में किसी भी संकाय में प्रवेश के लिए सीटों का कोई बंधन नहीं है। स्कूल में विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय व कला संकाय में अधिक बालिकाओं के प्रवेश को देखते हुए विज्ञान, वाणिज्य, कला संकाय के लिए दो-दो सेक्शन में पढ़ाई करानी पड़ती है। गणित के लिए मात्र एक सेक्शन में पढ़ाई होती है।

## सिटी इवेंट

### नियमित योग और संतुलित भोजन से बदलते मौसम में स्वास्थ्य पर नहीं पड़ेगा असर



**रायपुर।** बदलते मौसम के कारण स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान लोगों को नियमित योग व संतुलित भोजन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। ऐसा हम नहीं, बल्कि शहर के जानेमाने योग प्रशिक्षक व डाइटिशियन दोनों का संयुक्त सलाह है। शहर की डायटिशियन पूजा द्विवेदी का कहना है कि भोजन से ही सेहत बनती और बिगड़ती है। अगर हम असंतुलित भोजन करेंगे तो किसी भी मौसम में बीमार पड़ सकते हैं। वहीं संतुलित भोजन करेंगे तो मौसम में कितना ही बदलाव क्यों न आए, हम सेहतमंद रहेंगे। ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर हर उम्र के लोगों के लिए अलग-अलग डाइट चार्ट को शामिल किया जाना जरूरी है। बदलते मौसम के हिसाब से खाने में परिवर्तन करने की सलाह दी जाती है, यानी जैसी ऋतु वैसा आहार होना चाहिए। बारिश के मौसम में आपको खानपान से जुड़ी सावधानी बरतने की जरूरत होती है। मानसून में बीमारियां और इन्फेक्शन तेजी से फैलते हैं। ऐसे में आपकी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकती है। बारिश के मौसम में आपको क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए। आपके ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में कौन-सी चीजें शामिल हों, इन सब बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। वहीं योग शिक्षिका मंजू शुक्ला का कहना है कि यूं तो योग करना हमेशा ही लाभकारी होता है। फिर भी बरसात के दिनों में प्राणायाम व अनुलोम-विलोम से बॉडी का वार्मअप होता है। साथ ही शरीर का सर्कुलेशन सिस्टम सही से काम करता है। इससे पांचन तंत्र भी ठीक रहता है। कुल मिलाकर हम ये कहें कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के लिए संजीवनी की तरह है।

#### बारिश में क्या खाएं और क्या न खाएं

ब्रेकफास्ट में बारिश में तला-भुना खाने को मन करता है, लेकिन स्वस्थ रहने के लिए आपको ऐसे खाने से बचना चाहिए। ब्रेकफास्ट में पोहा, उपमा, इडली, सूखे टोस्ट या पराठे खा सकते हैं। साथ में ब्लैक टी या ब्लैक कॉफी पी सकते हैं। लंच लाइट रखने की कोशिश करें। हाई प्रोटीन डाइट या ज्यादा तेल मसालेदार सब्जियां खाने से बचना है। इसके बजाय मूंग-मसूर की दाल, हरी सब्जी, रोटी और सलाद खाएं। घर की दही से बनी छाछ या लस्सी भी पी सकते हैं। डिनर में बरसात में खासतौर से हल्का भोजन करना चाहिए। ओट्स या नमकीन दलिया खा सकते हैं। सूप पी सकते हैं, इसके अलावा लौकी तोरई की सब्जी और रोटी खा सकते हैं। खिचड़ी भी इस मौसम के लिए अच्छा विकल्प है। रात में सोते वक्त एक गिलास हल्दी वाला दूध ले सकते हैं। खाने और दूध में करीब 1-2 घंटे का गैप होना जरूरी है। इसके बाद गर्म पानी पीकर सोएं। इससे गले की समस्या या किसी भी तरह का इन्फेक्शन दूर रहेगा।

#### इन योगासनों से रहेंगे फिट

योग प्राणायाम एवं ध्यान, भस्त्रिका, कपालभाती, व्यामोह प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उदगीथ, उज्जायी, प्रणव जप और आसन में सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, उत्तानपादासन, भुजंगासन, मर्कटासन, शशांकासन, शवासन, पश्चिमोत्तानासन लाभकारी होगा।

साइंस के चमत्कारों से रूबरू हुए विद्यार्थी

## समर कैंप में देखा आग से कागज को सुरक्षित रखने का प्रयोग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में एनचैंटिंग केमिस्ट्री समर साइंस कैंप के तीसरे दिन छात्रों को रसायन शास्त्र की जटिल अवधारणाओं को प्रयोग के माध्यम से बताया गया। इस दौरान क्लॉक रिएक्शन, केमिकल गार्डेन, केमिकल रिएक्शन से एलिफेंट टूथपेस्ट, फायरप्रूफ बैलून, बर्निंग पेपर जैसे अनेक प्रयोग शिविर में किए गए। चार दिवसीय समर कैंप के अंतिम दिन शुक्रवार को विभिन्न प्रयोगों से केमिकल, धातु, रसायन का महत्व बताया जाएगा। क्लॉक रिएक्शन में दो अलग-अलग घोल के मिश्रण से समयबद्ध तरीके से रंग परिवर्तन किया गया। इस प्रयोग के माध्यम से विद्यार्थियों ने रासायनिक गतिज क्रियाओं और विलयन अभिक्रियाओं की संकल्पना को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा।



**आज चार दिवसीय समर कैंप का समापन :** केमिकल गार्डेन के अंतर्गत धात्विक लवणों और सिलिका जेल की सहायता से रंगबिरंगी क्रिस्टलीय संरचनाएं तैयार की गईं, जो एक रासायनिक पौधे की तरह नजर आया। इस प्रयोग ने विद्यार्थियों को रासायनिक अवक्षेपण, अयनी विनिमय और घुलनशीलता की अवधारणाओं को जाना। केमिकल रिएक्शन से एलिफेंट टूथपेस्ट नामक प्रयोग ने छात्रों को चकित कर दिया, जब हाइड्रोजन पैरॉक्साइड और पोटैशियम आयोडाइड की प्रतिक्रिया से उत्पन्न विशाल झाग कांच की बरनी से बाहर निकलने लगा। इसमें रासायनिक ऊर्जा का रूपांतरण और उत्प्रेरकों की भूमिका स्पष्ट हुई। बर्निंग पेपर का प्रयोग आइसोप्रोपिल अल्कोहल और पानी के संतुलित मिश्रण द्वारा कागज को बिना जलाए आग से सुरक्षित रखने की विधि दिखाई गई। सरफेस टेंशन प्रयोग में साबुन मिले पानी की सतह पर हल्के पदार्थों के व्यवहार का निरीक्षण किया गया।

## एनआईटी में स्मार्ट क्लासरूम और डाटा साइंस एंड एनॉलिटिक्स लैब का उद्घाटन

**रायपुर।** एनआईटी परिसर में तीन स्मार्ट क्लासरूम और एक नवनिर्मित डाटा साइंस एंड एनॉलिटिक्स लैब का उद्घाटन किया गया। यह आयोजन संस्थान में पढ़ाई की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम रहा। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. सुरेश हावरे उपस्थित रहे। स्मार्ट क्लासरूम योजना विद्यार्थियों की कौशल विकास को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी, जिसमें संस्थान के क्लासरूम को औद्योगिक जगत के प्रसिद्ध व्यक्तियों और एलुमनी के सहयोग से आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है।



#### प्रोजेक्टर से करेंगे पढ़ाई

परिसर में एफ-40 कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग, एफ-38 मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, एफ-13 माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग और डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन का नया डाटा साइंस एंड एनॉलिटिक्स लैब का भव्य शुभारंभ किया गया। स्मार्ट क्लास रूम में क्रिस्टल क्लीयर प्रोजेक्टर से छात्र पढ़ाई करेंगे, इंटरएक्टिव स्मार्टबोर्ड्स के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक रोचक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, एलुमनी एसोसिएशन ऑफ जीईसीएनआईटी के अध्यक्ष उमेश चितलांगिया, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष हेमंत वर्मा, एनआईटी के रजिस्ट्रार डॉ. एनडी लोंढे उपस्थित रहे।

## लायंस और रोटरी क्लब से जुड़े आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स भी सेवा में जुटे


# डॉग्स-एनिमल्स को कफन-दफन की सुविधा देने प्लानिंग, 350 को निशुल्क कंप्यूटर कोचिंग

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर की आबोहवा बेहतर करने और प्रकृति बचाने का प्रयास अलग-अलग क्लबों से जुड़े आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर्स, इंजीनियर समेत बड़े व्यावसायी भी जुड़े हैं। ऐसे क्लबों में रोटरी इंटरनेशनल और लायंस क्लब के काम करने का प्रयास अनूठा है। इससे जुड़े मेंबर्स हर साल नए-नए क्षेत्र में काम करने का प्रयास करते हैं। शहर में जीवप्रेमियों के भावनात्मक लगाव को सम्मान देने के लिए डॉग्स और एनिमल्स का अंतिम संस्कार और कफन-दफन की सुविधा देने के लिए लक्ष्य तय भी किया है। इस प्रक्रिया को पूरा करने में समय इसलिए भी लग रहा है, क्योंकि इसके लिए जमीन जरूरी कड़ी है। इसके अलावा नई व्यवस्था को शुरू करने के लिए अलग-अलग विभागों से सहमति लेने का प्रयास किया जा रहा है।

### 700 को दिला चुके फ्री कोचिंग, दे रहे सेवा

रोटरी इंटरनेशनल सात अलग-अलग क्षेत्रों में काम करता है। शांति, रोग की रोकथाम और उपचार, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, जल संरक्षण और स्वच्छता, बुनियादी शिक्षा, सुविधा की बेहतरी के लिए काम करता है। रोटरी क्लब रायपुर के सिटी को-आर्डिनेटर भरत डागा ने बताया कि हार्ट पेशेंट का जीवन बचाने के लिए इलाज में भी सहयोग करते है। अमलीडीह स्कूल में 24 कंप्यूटर के साथ निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जाती है। अभी तक 700 से ज्यादा विद्यार्थी प्रशिक्षण ले चुके हैं। डिस्ट्रिक्ट में मोतियाबिंद के एक हजार रोगियों के इलाज का लक्ष्य था। इसमें ऐसे लोगों को शामिल करते हैं, जो इलाज नहीं करा पाते हैं।




### मेट्रो सिटी की तर्ज पर सुविधा देने का प्रयास

लायंस क्लब ग्रेटर रायपुर के सर्विस एक्टिविटीज चेयरमैन अजय सक्सेना ने बताया कि क्लब के माध्यम से सदस्य कई तरह की सेवाएं देते हैं। दृष्टि संरक्षण, श्रवण और भाषण संरक्षण, मधुमेह जागरूकता, युवा आउटरीच, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण संबंधी मुद्दे भी शामिल हैं। लायंस क्लब रायपुर समाज के बीच में सेवा के लिए समर्पित है। एनिमल्स, डॉग्स का कफन-दफन हो सके, इसके लिए प्रयास चल रहा है। इस तरह की सुविधा मेट्रो सिटीज में देखने को मिलती है। इस काम को सरोकार के लिए करने का लक्ष्य है। वृक्षारोपण, भूखे को खाना खिलाने के लिए भी क्लब के मेंबर्स द्वारा प्रयास किया जाता है।

### 5 हजार की जांच, 270 को लगवाया चश्मा

श्री सक्सेना ने बताया कि अभी तक रायपुर जिले में 70 से ज्यादा स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब वर्ग के बच्चों में पढ़ाई के दौरान होने वाली परेशानी को दूर करने का प्रयास किया गया है। इसमें स्कूलों के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाने के साथ ही पढ़ाई के दौरान जिन छात्र-छात्राओं को देखने में दिक्कत होती है। उनकी सही स्थिति किस प्रकार से जांचें, इसका प्रशिक्षण दिलाने के 5 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों की जांच और दवा से उपचार के साथ ही 270 को चश्मा लगवाया है। इस सेवा के साथ ही 70 स्कूलों के शिक्षकों को दृष्टि दोष जांचने के सही टिप्स दिए गए हैं, जो पढ़ाते समय हमेशा काम आएंगे।

## सिटी लाइव

# दिव्यांगों के लिए हॉस्टल देकर गरिमा ने सिद्ध किया संकल्प




**रायपुर।** यह एक स्थापित सत्य है कि बेटी जब शिक्षित होती है तो वह अकेली नहीं, अपितु दो परिवार और कुल शिक्षित होते हैं, लेकिन एक बेटी ने शिक्षित होकर दो नहीं, बल्कि अपने भाई के साथ मिलकर कई परिवारों की बेटियों को शिक्षित करने का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर आत्मकेंद्रित और भौतिकवादी होते जा रहे हमारे सामाजिक सरोकारों को एक रचनात्मक दिशा दी है। अपने स्वस्फूर्त संकल्प को सिद्धि के धरातल पर साकार करने वाली राजधानी के व्यवसायी उमेश अग्रवाल की बिटिया विधि-स्नातक गरिमा अग्रवाल और बेटे गौरव अग्रवाल ने दिव्यांग बेटियों के हॉस्टल एवं शिक्षा हेतु मुक्तहस्त से अविस्मरणीय दान किया है। गरिमा ने लगभग 30 बच्चियों के लिए कन्या छात्रावास की व्यवस्था करने का बीड़ा उठाया है और उनके भाई गौरव अग्रवाल इस पवित्र संकल्प की पूर्ति में अपनी बहन के साथ कदम-से-कदम मिलाकर चल रहे हैं। भाई-बहन के इस संवेदनक्षम संकल्प की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। गरिमा और गौरव ने राजधानी के बजाज कॉलोनी (न्यू राजेन्द्र नगर) में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में कन्या छात्रावास के निर्माण का सारा खर्च वहन करने का निर्णय लेकर इस दिशा में सार्थक पहल की। इस विद्यालय में दिव्यांग बेटियों को पढ़ाने की व्यवस्था थी, लेकिन बहुत-से गरीब परिवारों की बच्चियां आवास की सुविधा न होने के चलते शिक्षा से वंचित थीं। विदित रहे, अर्पण दिव्यांग स्कूल में ब्वॉय'ज हॉस्टल तो है, लेकिन गर्ल्स हॉस्टल नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की दिव्यांग बच्चियां शिक्षा से वंचित हो रही थीं, क्योंकि इन परिवारों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे शहर में अपनी बच्चियों की पढ़ाई का खर्च बिना आवासीय सुविधा के उठा सकें।

### ये लोग बने साक्षी

इस कन्या छात्रावास के लिए हुए भूमिपूजन समारोह के बाद गरिमा ने बताया कि प्रदेश की सभी बच्चियां, चाहे वह दिव्यांग हो या अंध-मूक-बधिर, सभी को शिक्षित होना चाहिए, उनका यही लक्ष्य इस प्रेरणा है। विद्यालय के प्राचार्य कमलेश मिश्रा ने बताया कि इस दिशा में सरकार की सुविधा के साथ-साथ अर्पण दिव्यांग पब्लिक में निशुल्क शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराके अलग-अलग विधाओं में प्रशिक्षित कर उन्हें स्वाभिमानपूर्वक आजीविका के योग्य तैयार किया जाता है। समारोह के दौरान पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, स्कूल की को-ऑर्डिनेटर सीमा छाबड़ा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## लाइव इवेंट

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आज



**रायपुर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य जांच के लिए यह मेडिकल कैंप आयोजित किया गया है। यह मेडिकल कैंप सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। जहां भूतपूर्व सैनिक व उनके परिजन स्वास्थ्य जांच का लाभ ले सकेंगे। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के संबंधित अधिकारी शैलेश शुक्ला ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं ईसीएचएस पॉली क्लिनिक के सौजन्य से मेडिकल कैंप का आयोजन कार्यालय भवन परिसर में किया गया है। जहां शहर के प्रमुख अस्पतालों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मेडिकल कैंप में पहुंचने वाले भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच व उपचार किया जाएगा। इस मेडिकल कैंप में नारायणा हॉस्पिटल पंडरी द्वारा रेगुलर मेडिकल चेकअप ईसीजी, बीपी, हड्डी रोग संबंधित जांच की जाएगी।

### रक्तदान भी होगा बांटेंगे चश्मा

इसी तरह से श्री गणेश विनायक हॉस्पिटल के आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर आंखों की जांच के बाद जरूरत अनुसार चश्मा भी वितरित करेंगे। बालको हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर कैंसर चेकअप एवं गायनी चेकअप की सुविधा प्रदान करेंगे। सीएमएचओ तथा रेडक्रॉस के ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें भूतपूर्व सैनिक व जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के स्टाप रक्तदान शिविर में भागीदार बनेंगे। स्वास्थ्य जांच शिविर में आईटीएसए हॉस्पिटल के गायनी एवं मेडिकल स्पेशलिस्ट द्वारा जांच की जाएगी। समस्त भूतपूर्व सैनिक एवं सैनिक परिवार से अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर इस मेडिकल कैंप का भरपूर लाभ उठाने, समय पर आने कहा गया है। इस दौरान जांच के लिए आने वालों को जलपान भी कराया जाएगा।

**● विवाह तय करने से पहले काउंसिलिंग की प्रकिया, दोनों पक्षों की मंजूरी पर ही रिश्ता**

# विवाहित जोड़ों में बढ़ते तलाक और वाद-विवाद की समस्या निपटाने सामाजिक संगठनों में सफल प्रयास

**बदलते समय के साथ समाज में विघटन की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सालभर के अंदर ही रिश्तों में मतभेद शुरू होता जा रहा है। यह सामाजिक दृष्टिकोण से चिंता का विषय बनता जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों से बचाव के लिए समाज के सदस्यों ने रिश्तों को जोड़ने की नई पहल शुरू की है, जिसमें विवाह से पहले युवक-युवती को मिलकर बातचीत का मौका दिया जा रहा है, ताकि उन्हें एक-दूसरे की पसंद एवं विचारों को समझने का मौका मिल सके।**

**रायपुर।** सामाजिक संगठन अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए परिवार के सदस्यों को भी समय दे रहे हैं और काउंसिलिंग की मदद से विवादों को रोका जा रहा है। हरिभूमि से चर्चा में समाज से काउंसलर ने बताया कि यह काउंसिलिंग दोनों पक्षों के विचारों को समझने के लिए की जाती है। इससे तलाक जैसे कई विवादित पहलुओं को रोकने में सफलता मिली है।



### रिश्ता पक्का होने से पहले मिलकर समझने का मौका

माहेश्वरी समाज के नीलेश मुंधड़ा ने बताया कि विवाह के बाद तलाक एवं वाद-विवाद की बढ़ती समस्या को देखते हुए बीते दो-तीन साल से नई पहल शुरू की गई है। इसमें युवक-युवतियों को रिश्ता पक्का होने से पहले 2-3 बार मिलकर समझने का मौका दिया जाता है। काउंसिलिंग के दौरान दोनों परिवारों की पसंद और विचारों पर चर्चा की जाती है। हर साल युवक-युवती परिचय सम्मेलन में काउंसिलिंग की व्यवस्था की जाती है, जिसका मुख्य उद्देश्य विवाह से पहले दो परिवारों के सदस्यों के बीच साझेदारी बैठाना है। कहीं अनबन होने पर 20-30 परिवारों की सुलाह भी कराई गई है।

### विवाह से पहले वर-वधु पक्ष की काउंसिलिंग

पंजाबी सनातन सभा की मीनू चंगा ने बताया कि अब तक अनेक परिवारों को टूटने से बचाने की पहल कामयाब हुई है, जिसमें दोनों पक्षों को समझाया जाता है। कोई भी फैसला लेने से पहले बच्चों के बेहतर भविष्य को समझें, माता-पिता की एक गलती दो व्यक्तियों की जिंदगी बदल सकती है। काउंसिलिंग के दौरान दोनों पक्षों के परिजनों को यह सलाह दी जाती है कि सबसे पहले बच्चों की खुशी को समझें। विवाह पक्का करने से पहले काउंसिलिंग की जाती है, जिसमें दोनों पक्षों को सही जीवनशैली के संबंध में समझाया जाता है।

### काउंसिलिंग में दोनों पक्षों से समाज ले रहा सहमति

वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रत्येक सामाजिक संगठनों में विवाह से पूर्व वर-वधु पक्ष की साझेदारी और मंजूरी जरूरी है। कुशल विवाहित जीवन के लिए सतनामी समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष भव्य स्तर पर परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इस दौरान दोनों पक्षों की सहमति लेकर काउंसिलिंग की जाती हैं, जिसमें प्रत्येक पक्ष को रखा जाता है। साथ ही युवक-युवती द्वारा एक-दूसरे को समझने की बात भी होती हैं। सतनामी समाज से चेतन चंदेल ने बताया कि बंधन पत्रिका के माध्यम से अपील की जाती है, जिसमें सही जीवनसाथी का चयन करने की सलाह होती है।

### वाद-विवाद होने पर सामाजिक स्तर पर सलाह

अखंड ब्राह्मण समाज से योगेश तिवारी ने बताया कि हर साल स्वर्ण दंपति सम्मान समारोह का आयोजन सामाजिक स्तर पर किया जाता है। इसमें ऐसे विवाहित दंपति शामिल होते हैं, जिनके विवाह को 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। समाज के नवविवाहित जोड़ों के लिए ये प्रेरणास्त्रोत होते हैं, जिसमें एक बेहतर और कुशल परिवार को दर्शाया जाता है। विवाह के बाद दोनों पक्षों में वाद-विवाद होने पर उसे सामाजिक स्तर पर सुलझाया जाता है, जिससे अब तक 50-100 परिवार को फायदा हुआ है।





### दोनों पक्षों से बात कर सुलझाते हैं विवाद

सरोकार से जुड़कर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भी वर-वधु पक्ष के बीच रिश्तों की डोर मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है। केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप ने बताया कि सभी 10 राज प्रधान की हर महीने होने वाले बैठक में 45 से 50 मामले आते हैं। जबकि अंतर्जातीय विवाह से जुड़े मसले का निदान केंद्रीय पदाधिकारी राज प्रधानों से रायशुमारी से करते हैं। बैठक में पति-पत्नी में मतभेद के चलते रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंचने के चार सौ से ज्यादा पारिवारिक मसले सुलझाने में कड़ी की तरह काम करते हैं। विवाह से पहले लोग सामाजिक स्तर पर जिस परिवार से रिश्ता जोड़ना चाहते हैं, उसकी जानकारी लेते हैं।

### नामदेव समाज में तीन चरणों पर काउंसिलिंग

आधुनिकता के दौर में लोगों की मानसिकता ही परिवार विभाजन का मुख्य कारण है, इसलिए सामाजिक स्तर पर समाज के पदाधिकारी विवाह से पूर्व युवक-युवती से काउंसिलिंग करते हैं, जिसमें दोनों की राय, विचार और सहमति पर विशेष जोर दिया जाता है। समाज से धर्मेश नामदेव ने बताया कि तीन चरणों में एक विवाह को विभाजित किया गया है, पहला युवक-युवती की मंजूरी, दूसरा, वर-वधु परिवार की राय और तीसरे चरण में विवाह तय करने की रस्म शामिल है। अब तक 15-20 परिवार से अधिक विवाहित जोड़ों को अलग होने से बचाया गया है।

# जगन्नाथ प्रभु के वैद्य निभाएंगे नाड़ी जांच की परंपरा, औषधीय काढ़े का लगाएंगे भोग

**रायपुर।** शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित प्रमुख श्री जगन्नाथ मंदिरों में स्नान पूर्णिमा के बाद से प्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा समेत एकांतवास में होते हैं। इसके चलते मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ नहीं मिलेगा। जिस तरह से आम इंसान का स्वास्थ्य बिगड़ने पर पहले वैद्य नाड़ी जांच के लिए बुलाए जाते थे। कुछ ऐसी ही परंपरा शुक्रवार को निभाई जाएगी। सदर बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के संदर्भ में पं. मोहित पुजारी ने बताया कि इससे पहले विगत 40 वर्षों तक नाड़ी जांच की परंपरा डॉ. महेंद्र पुजारी द्वारा निभाते थे। इसके लिए बुलाने के लिए जाना पड़ता है। इस बार डॉ. दीपक शर्मा शुक्रवार को सुबह 9 बजे इस विधान के लिए बुलाए जाएंगे। इसके बाद जड़ी-बूटियों से तैयार काढ़े का भोग लगाने के साथ ही तीन दिन आने वाले भक्तों को प्रसाद स्वरूप दिया जाएगा।



### काढ़ा बनाने के बाद भगवान को भोग

श्री दूधाधारी मठ के राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महाराज के मार्गदर्शन में इस साल भी जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव से पहले मंदिर में निभाई जाने वाली परंपरा का निर्वहन किया जाता है। पुजारी व वैद्य तिलक दास ने बताया कि वैद्य का दायित्व पुजारी ही निभाते हैं। इसलिए हर साल बाजार से जड़ी-बूटियां लाकर काढ़ा बनाने के बाद भगवान को भोग लगाते हैं। साथ ही उपचार के दौरान जैसे पहले लोग खाने-पीने में परहेज करते और हल्का आहार लेते थे, कुछ उसी तरह के नियमों का पालन किया जाता है। 26 जून को नयन दर्शन का लाभ भक्तों को मिलेगा। इसके बाद भगवान भक्तों को दर्शन देने के लिए रथयात्रा का हिस्सा बनते हैं।

**वैद्य की सलाह पर एकांतवास में रहेंगे 15 दिन :** गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भी स्नान पूर्णिमा के बाद श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का उपचार करने वैद्य स्वरूप पुजारी द्वारा औषधीय काढ़ा तैयार करने के बाद दिया जाता है। श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 दिनों तक वैद्य की सलाह पर उन्हें एकांत में विश्राम दिया जाता है। इस दौरान विशेष औषधीय सेवा की जाती है। इसमें जड़ी-बूटियों, फलों और जौ से तैयार खिचड़ी का भगवान को भोग अर्पित किया जाता है। साथ ही रथयात्रा की तैयारी तथा रथ सजाने का सिलसिला भी तेज हो जाता है।

# ऑनलाइन सीखे संस्कार, बच्चों ने ऑफलाइन दिखाए योग के आसन

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति के ऑनलाइन शिविर का गुरुवार को ऑफलाइन समापन किया गया। इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागी बच्चों के साथ उनके अभिभावक, प्रशिक्षकों के बीच बच्चों में संस्कार का बीज बोने की गई पहल का सफल समापन ऑफलाइन किया गया। मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में बाल संस्कार शिविर का समापन समारोह किया गया। इसमें बच्चों ने योग के कई आसन करके दिखाए। साथ ही संस्कृत के कई मंत्रोच्चार, भजन गायन सहित अपने हुनर को अभिभावकों सहित दर्शकों के समक्ष पेश किया। इस मौके पर अजय काले ने कहा कि आपने शिविर में जो सीखा है, उसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, तभी इस संस्कार शिविर का आयोजन सार्थक होगा।



### शिविर लगाने सुझाव पर भी मंथन

महाराष्ट्र मंडल का यह पहल भविष्य में भी जारी रहना चाहिए। संभव हो तो हर पखवाड़े एक ऑफलाइन बाल संस्कार शिविर किया जाए। बाद में शिविर के प्रतिसाद के अनुरूप ही इस शिविर को साप्ताहिक भी किया जा सकता है। इस बीच अभिभावकों ने भी ऑनलाइन शिविर को लेकर अनुभव साझा किए। मंच संचालन करते हुए सचिव चेतन दंडवते ने अतिथि शशि वरवंडकर और मंडल अध्यक्ष अजय काले के पांच ग्रुप में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने वाले प्रशिक्षकों का सम्मान किया। इनमें मंजूषा मरकले, चारुशिला देव, डॉ. दिपाली अलोणी, आकांक्षा गद्रे, डॉ. मंजूषा वैशंपायन, आस्था काले, साक्षी टोले, सृष्टि दंडवते, डॉ. अलकनंदा नारद, संध्या खंगन, वर्षा चोपकर, रसिका वोरा, सोनल शाह को प्रमाणपत्र भी दिया गया।

***बच्चों ने सिद्ध की सार्थकता :*** *इधर दिव्या पात्रीकर, अपर्णा कालेले और संयोजिका आस्था काले ने बच्चों को गिफ्ट एवं प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया। इससे पहले बच्चों ने योग के आसन करके दिखाए। एक के बाद एक मंत्रोच्चार से दर्शकों को प्रभावित किया। रोचक खेल से बच्चों ने आध्यात्मिक ज्ञान का भी प्रमाण दिया। रसिका वोरा के नेतृत्व में बच्चों ने भजनों की प्रस्तुतियों से सभी को झूमने पर मजबूर किया। अंतिम कड़ी में सभी ने पंगत में बैठकर भोजन किया। इससे पहले मंत्रोच्चार से एक बार फिर संस्कार की सार्थकता को बच्चों ने सिद्ध किया।*

# राजराजेश्वरी महामाया मंदिर में हवन- शांति पूजन

### नगरवासियों ने चना दाल, दही, चूरमा और नैवेद्य का भोग लगाया

**रायपुर।** श्री महामाया सेवा समिति की ओर से पुरानी बस्ती स्थित श्री राजराजेश्वरी महामाया मंदिर में हवन-शांति पूजन गुरुवार को किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महोल्लेवासियों ने हवन-पूजन आचार्यों के मंत्रोच्चार के साथ किया। मंदिर ट्रस्ट के सदस्य ने बताया कि गर्मी के तप को माता स्वयं धारण करती हैं, इस भाव से यह हवन कराया गया है। जुड़वास पूजन की शुरुआत ब्रह्ममुहूर्त में नीम के जल से प्रतिमाओं पर अभिषेक के साथ की गई। दोपहर 2 बजे नगरवासियों की उपस्थिति में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान चना दाल, दही, चूरमा और नैवेद्य का विशेष भोग माता को अर्पित किया गया। समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भंडारा प्रसादी की व्यवस्था की गई, जिसे हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

पूजन के दौरान मां महामाया देवी एवं समलेश्वरी मां के विशेष श्रृंगार का दर्शन करने सैकड़ों भक्त मंदिर प्रांगण में मौजूद रहे। पूजन में समस्त नगरवासियों ने हवन से लेकर भजन संध्या तक की व्यवस्था पूर्ण रूप से की। इसमें सत्यनारायण अग्रवाल, राजेश यदु, दुर्गा प्रसाद पाठक, मंजू यदु, सूरज फूटान, व्यास नारायण, विजय झा एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।



### भक्तिमय पचरा गीतों की प्रस्तुति

माई बर फूल गजरा, ओ दाई बर फुल गजरा...मोर सारदा भवानी...मईया ल नींद आवे वो...आ जाबे वो निमवा के छांव म...जैसे भक्तिमय पचरा जसगीत से भजन संध्या की शुरुआत की गई। हवन-शांति पूजन के दौरान देर शाम 6 बजे शहरवासियों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग सौ से अधिक सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस दौरान एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति महिला एवं युवा भजन मंडली द्वारा की गई।



## सिटी स्पोर्ट्स

### विद्याचरण शुक्ल स्मृति जिला टेबल टेनिस 18 से राजधानी में



**रायपुर।** विद्याचरण शुक्ल स्मृति प्रथम जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 22 जून तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल रायपुर में किया जा रहा है। राजधानी टेबल टेनिस संघ के इस आयोजन में जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) इसमें भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के सम्बन्ध में राजधानी टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष से ही कर्मचारियों एवं प्रोफेशनल्स के लिए युगल लीग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रविष्टि हेतु प्रतियोगी का कर्मचारी अथवा प्रोफेशनल होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 14 जून है। स्पर्धा में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम सायं 6 से 7 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी और पी.एन. मजूमदार को दे सकते हैं। प्रतियोगिता का ओपन ड्रा 17 जून को सायं 07.00 बजे प्रतियोगिता स्थल पर निकाला जाएगा।

### दो दिवसीय नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप कल से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में स्टेट एवं नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 14 एवं 15 जून को ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर चौक पुरानी बस्ती रायपुर में किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि 14 जून उदघाटन सुबह 11 बजे किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के रायपुर इकाई के अध्यक्ष रूपेश रहांगडाले, विशेष अतिथि दीपक कृपलानी पूर्व पार्षद नगर निगम, दुर्गेश साहू मालिक प्रोटीन विला और श्रवण सिंह ठाकुर सरपंच पछुआ पाटन होंगे। 15 जून को पुरस्कार वितरण शाम 6 बजे होगा। जिसके मुख्य अतिथि संजय शर्मा अंतरराष्ट्रीय निर्णायक, विशेष अतिथि बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, किशोर महानंद प्रदेश मंत्री बीजेपी और पुरुषोत्तम देवांगन पूर्व पार्षद नगर निगम रायपुर होंगे।

### राजेश चुने गए मिस्टर छत्तीसगढ़



**रायपुर।** दल्ली राजहरा में आयोजित ओपन बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता में रायपुर जिले के राजेश यादव मिस्टर छत्तीसगढ़ और भिलाई के मानस कामड़े मिस्टर मेन्स फिजिक चुने गए। साथ में बस्तर टाइगर के नाम से मशहूर खुशबू नाग 22 इंची बाय सैप्स की भी बॉडी बिल्डिंग लोगों को देखने मिली। रायपुर जिले के दो बॉडी बिल्डर  वासु साहू तीसरा स्थान और मेन्स फिजिक में आलोक शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार रायपुर, तामेश्वर बंजारे राजनांदगांव और बोधन राम बालोद थे। 14 जून को गाजियाबाद में मिस्टर इंडिया की खिताब जीतने के लिए छत्तीसगढ़ से चयनित बॉडी बिल्डर में  राजेश यादव, आलोक शर्मा, सन्नी साहू, लीला राम नेताम, कन्हैया लाल यादव, परमानंद तांडी, डोमेन्द्र साहू, छगन साहू, कुबेर यादव, भरत मंडावी, संजय ध्रुव, प्रवीण जाधव ,अंशु कटियार, निःशक्त बॉडी बिल्डर अश्विन सोनवानी राज्य की टीम में शामिल है।
सभी बॉडी बिल्डर 13 जून को दिल्ली और गाजियाबाद जाएंगे। दल्ली राजहरा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में संचालन शीतलेश पटेल और आभार प्रदर्शन हरिनाथ ने किया।

### चैलेंजर ट्रॉफी में आज दो मैच

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेंस/ अंडर 23 वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार 13 जून को भिलाई में दो मैच होंगे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में नॉर्थ जोन विरुद्ध सेंट्रल जोन एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन मुकाबला होगा।

शरीर के कई अंगों को धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त करने लगती है अनियंत्रित ब्लड प्रेशर की समस्या

# ब्लड प्रेशर कंट्रोल न रहना हो सकता है जानलेवा, आप भी हो जाइए सावधान; डॉक्टर से जानिए इसके उपाय

लंबे समय बने रहने वाली अनियंत्रित ब्लड प्रेशर की समस्या शरीर के कई अंगों को धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त करने लगती है। हर साल दुनियाभर में लगभग 75 लाख लोगों की मौत हाई ब्लड प्रेशर और इसके कारण होने वाली समस्याओं के कारण हो जाती है। हृदय रोगों के मामले जिस तरह से दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, इसको लेकर सभी लोगों को कम उम्र से ही बचाव के उपाय शुरू कर देने चाहिए। हृदय की सेहत का ख्याल रखने के लिए सबसे जरूरी है ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखना। हृदय द्वारा पंप किए गए खून का जो दबाव धमनियों की दीवारों पर पड़ता है वही ब्लड प्रेशर है। यह अगर लगातार या अक्सर सामान्य सीमा (120/80 एमएमएचजी या मिलिमीटर मरक्यूरी) से ऊपर या नीचे बना रहता है, तो शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि लंबे समय बने रहने वाले अनियंत्रित ब्लड प्रेशर की समस्या शरीर के कई अंगों को धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त करने लगती है।



### लाखों लोग ब्लड प्रेशर का शिकार

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल दुनियाभर में लगभग 7.5 मिलियन लोगों की मौत हाई ब्लड प्रेशर और इसके कारण होने वाली समस्याओं के कारण होती है। वहीं अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हाई बीपी 'साइलेंट किलर' है क्योंकि यह धीरे-धीरे शरीर को अंदर से खराब करने लगती है।



ब्लड प्रेशर बढ़ने की ही तरह से लो बीपी भी खतरनाक है, इसका मस्तिष्क के कार्यों पर सीधा प्रभाव पड़ता है, खासकर उम्रदराज लोगों में। इसलिए जरूरी है कि आप वे सभी उपाय करते रहे जिससे ब्लड प्रेशर बहुत ज्यादा बढ़ने या कम न होने पाए।

### ब्लड प्रेशर हाई रहने के क्या नुकसान हैं?

जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर सामान्य से अधिक बना रहता है उन्हें कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। रक्तचाप का लगातार हाई बने रहने से दिमाग की नसें फट सकती हैं या उनमें ब्लॉकेज हो सकता है जिससे स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। हाई ब्लड प्रेशर किडनी की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है जिससे वे अपना काम ठीक से नहीं कर पातीं। इससे किडनी फेलियर तक हो सकता है। ब्लड प्रेशर अगर लंबे समय तक अनियंत्रित रहे तो आंखों की रेटिना की रक्त वाहिकाएं प्रभावित होती हैं जिससे नजर कमजोर होने या स्थायी रूप से आंखों की रोशनी जाने का खतरा होता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण कुमार कहते हैं, सही ढंग से नियंत्रित न होने या लगातार रक्तचाप कम या ज्यादा बना रहना जानलेवा हो सकता है। इसलिए चिकित्सकीय सलाह का पालन जरूर करें। भारत में अनुमानित 220 मिलियन (22 करोड़) लोग उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं, जिनमें से केवल 12 प्रतिशत ही अपने रक्तचाप को नियंत्रित रख



पाते हैं। सही उपचार और जीवनशैली में बदलाव करके इसे आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है।

### अनियंत्रित ब्लड प्रेशर ठीक नहीं

रक्तचाप बढ़ने की समस्या के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें आहार में गड़बड़ी, शारीरिक निष्क्रियता और धूम्रपान मुख्य हैं। इसके अलावा यह आनुवंशिक कारणों से भी हो सकता है। कई बार उच्च रक्तचाप बिना लक्षणों के भी हो सकता है और किसी भी उम्र का व्यक्ति इससे प्रभावित हो सकता है। अगर आपका रक्तचाप अनियंत्रित रहता है तो इससे हृदय ही नहीं कई अन्य अंगों जैसे लिवर, किडनी, पाचन, मस्तिष्क  को भी नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए घर पर रक्तचाप की निगरानी जरूर करें और समय-समय पर जांच कराते रहें।  फलों, सब्जियों, साबुत अनाज, कम वसा वाले डेयरी उत्पादों और लीन प्रोटीन से भरपूर आहार का सेवन  करें।



## फादर्स डे पर पापा को ऐसे दिलाएं उनके खास होने का एहसास

हर बच्चे के जीवन में पिता की भूमिका अहम होती है। आमतौर पर पिता कम बोलते हैं, मां की तरह लाड-दुलार नहीं दिखाते हैं लेकिन हर जरूरत को बिना कहे पूरा करते हैं। वह सख्त दिखते हैं लेकिन अंदर से नरम दिल रखते हैं। हम अक्सर मां के प्यार को खुलकर महसूस करते हैं, लेकिन पिता का प्यार अक्सर जिम्मेदारियों की चुप्पी में दब जाता है। फादर्स डे उन्हें ये बताने का यह दिन है कि वह आपके लिए कितना मायने रखते हैं। वैसे तो पिता के लिए एक दिन भी बहुत कम है लेकिन फादर्स डे आपको ये मौका देता है कि आप उन्हें खास होने का अहसास कराएं। फादर्स डे पर अपने पिता से कहें, 'पापा, आप मेरे लिए सबसे खास हैं। फादर्स डे जून महीने के तीसरे रविवार को मनाया जाता है। इस साल फादर्स डे 15 जून 2025 को मनाया जा रहा है। पिता को समर्पित इस दिन को पापा के लिए स्पेशल बनाने के लिए आप कुछ यूनिक आइडिया अपना सकते हैं ताकि वह आपके प्यार और सम्मान की अभिव्यक्ति देखकर खुश हो जाएं। फादर्स डे पर महंगे गिफ्ट नहीं, बल्कि समय, अपनापन और धन्यवाद सबसे बड़ा तोहफा होता है। इस बार कुछ ऐसा करें जो उन्हें हमेशा याद रहे। पापा को खास



महसूस कराने के  असरदार तरीके भी जान लीजिए।

### 'थैंक यू कार्ड' या चिट्ठी

अपने शब्दों में उन्हें बताएं कि आपने उनसे क्या सीखा है। सामने से नहीं बोल सकते हैं तो कार्ड या चिट्ठी पर अपनी भावनाओं को लिख दें। पुरानी बातों का जिक्र करें, जैसे पहली साइकिल, आपकी बोर्ड परीक्षा, इंटरव्यू के लिए आपका मनोबल बढ़ाना यानी वो सब जब पापा ने आपका साथ दिया।

### एक खास शाम

परिवार के बीच एक छोटा-सा सेलिब्रेशन प्लान करें जिसमें सिर्फ पापा की पसंद का खाना, गाने और यादें हों। आप चाहें तो घर के बच्चों के साथ एक छोटा नाटक या कविता पाठ भी कर सकते हैं, जिसमें उनके जीवन की कहानी दिखा सकते हैं।

### पुरानी तस्वीरों का मेमोरी वॉल

पापा के बचपन से अब तक की खास तस्वीरें इकट्ठा करें और एक कोने में सजाएं। साथ में एक स्लाइडशो या वीडियो बनाएं जो उन्हें सरप्राइज दे सके। अपनी पुरानी तस्वीरे उन्हें उनके सबसे खुशनुमा दिनों की याद दिलाएंगे।

### पापा को दें छुट्टी

उनके रोज के किसी काम की जिम्मेदारी आप लें। जैसे बैंक जाना, गाड़ी धोना या बिल भरना। पापा की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाकर उन्हें कुछ सुकून और आराम दे सकते हैं। खास बात ये हैं कि आपको जिम्मेदारी उठाते देख वह गर्व महसूस करेंगे और उनकी चिंताएं भी कुछ कम होंगी।



## कभी लौटकर नहीं आएंगी छिपकलियां काम आएगा सुई धागे का ये देसी जुगाड़

अक्सर खाने की खुशबू से छिपकलियों की भीड़ आसपास मंडराने लगती है। ऐसे में यही डर लगा रहता है कि कहीं यह खाने में न गिर जाएं, लेकिन इससे छुटकारा पाने के लिए कुछ टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

### क्या है सुई-धागे वाला देसी जुगाड़?

यह नुस्खा बहुत ही पुराना है, जिसे छिपकलियों को भगाने के लिए किया जाता था। हालांकि, अब वक्त के साथ-साथ इस्तेमाल कम किया जाने लगा है। इस टिप को अपनाने के लिए आप काले रंग का धागा लें और इसमें एक सुई पिरोकर किसी दीवार के कोने में टांग दें। खासकर इस जगह पर जहां छिपकलियां ज्यादा आती हैं।

### कैसे काम करता है यह नुस्खा?

कहा जाता है कि छिपकलियों को लगता है कि यह कोई खतरा है और इसे देखकर वो दूर भाग जाती हैं। पुराने लोग मानते हैं कि दीवार पर लटका हुआ सुई वाला धागा छिपकली को भ्रमित करता है। उन्हें लगता है कि यह सांप या शिकारी की पूंछ हो सकता है और वे उस स्थान से दूर रहना पसंद करती हैं।  हालांकि, यह कोई वैज्ञानिक तरीका नहीं है, लेकिन कई घरों में इसे अपनाकर अच्छे रिजल्ट देखे गए हैं। इसलिए आप भी इस टिप को अपना सकती हैं और अपना एक्सपीरियंस हमारे साथ साझा कर सकती हैं।

### सुई धागे में लटकाएं प्याज के छिलके

अगर इसके बाद भी छिपकलियां नहीं जा रही हैं, तो आपको और एक्सपेरिमेंट करने होंगे। आप



प्याज के छिलके से भी छिपकलियों को भगा सकते हैं, कहा जाता है इसकी बदबू से छिपकलियां दूर भाग जाती हैं।

इस टिप को अपनाने के लिए आपको सुई-धागे में प्याज के छिलकों को डालकर माला तैयार कर लेनी है। अब इस माला को लटका कर टांग दें, यकीनन कुछ ही दिनों में फायदा होगा।

आप छिपकलियों को भगाने के लिए नारियल का तेल और तंबाकू का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आपको तेल में थोड़ा-सा तंबाकू मिलाकर इस्तेमाल करना होगा।

लहसुन-अदरक भी बहुत ही मददगार साबित हो सकता है, जिसके टुकड़े आपको इस्तेमाल करने होंगे। कहा जाता है इसकी बदबू से छिपकलियां दूर भागती हैं।

आप तंबाकू के साथ कॉफी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इन दोनों को मिलाकर आपको गोलियां बनानी होंगी और उस जगह पर रखना होगा जहां पर छिपकलियां बिल्कुल भी न आएं।

अंडों के सूखे छिलकों को खिड़की या दरवाजों के पास रखें। यकीनन एक दिन में ही छिपकलियां दूर भाग जाएंगी। आप पुदीना का तेल भी इसके साथ डाल सकते हैं।

## किचन के तेल के दागों को साफ करने के लिए आजमाएं ये टिप्स

आप कुछ फ्राई कर रही हों या फिर तड़का लगा रही हों, तेल के दागों से सबसे ज्यादा गंदा होता है स्लैब या प्लेटफॉर्म। मगर आप बहुत आसानी से किचन प्लेटफॉर्म को आसानी से साफ कर सकती हैं।



### बर्फ और नमक करेगा सफाई

जले हुए या पके हुए तेल के निशान पर अगर आप सीधे क्लीनर डालते हैं तो वो कभी-कभी गहरे निशान छोड़ देता है। ऐसे में पहले बर्फ से उस हिस्से को ठंडा करें, जिससे तेल सख्त हो जाए और फिर नमक से उसे स्क्रब करें।

**क्या करें:** इसके लिए पहले प्लेटफॉर्म को एक बार कपड़े से साफ करें। इसके बाद प्लेटफॉर्म पर बर्फ के टुकड़े दाग पर कुछ सेकंड रगड़ें। फिर मोटा नमक डालकर थोड़ी देर रगड़ें। ये तेल को हटाने में मदद करेगा। इसके बाद डिश सोप से प्लेटफॉर्म को साफ कर लें।

### मसालों के दाग


चाय की पत्ती और डिश सोप से होगी बेहतर सफाई

बची हुई चाय की पत्ती इस बार फेंकें नहीं, बल्कि उससे प्लेटफॉर्म को साफ कर लें। इसके साथ आप डिश सोप से चिकनाई को हटा सकेंगी।

**कैसे करें इस्तेमाल:** पत्तियों को सुखाकर हल्का गीला करें। उसमें कुछ बूंदें डिश सोप मिलाएं।अब इस मिक्सचर को सीधे दाग वाली जगह पर रगड़ें।सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें। इसके बाद प्लेटफॉर्म पर गीला कपड़ा लगाएं फिर साफ कपड़े से पोंछ लें। यह तरीका खासतौर पर ग्रेनाइट पत्थर पर प्लेटफॉर्म पर अच्छा काम करता है।

## बच्चों का भी पढ़ाई में नहीं लगता है मन तो वास्तु के उपाय आएंगे काम, निखरेगा भविष्य

कई बार किसी कारण से बच्चे का मन पढ़ाई में नहीं लगता है, ऐसे में आपको कुछ आसान वास्तु उपाय आजमाने की सलाह दी जाती है। आइए जानें उन उपायों के बारे में जिनसे बच्चे को पढ़ने में आसानी हो सकती है। बच्चों का पढ़ाई में मन लगाना हर माता-पिता की प्राथमिकता होती है, लेकिन कई बार ऐसा देखा जाता है कि बच्चे पढ़ाई में रुचि नहीं लेते हैं या उनमें एकाग्रता की कमी महसूस दिखाई देती है। इसका एक कारण आपके घर का वास्तु दोष भी हो सकता है। सही वास्तु नियमों का पालन करके बच्चों की शिक्षा में सुधार किया जा सकता है और वास्तु दोषों को दूर करने के कारण बच्चे का पढ़ाई में मन भी लगता है। अगर आपके बच्चे का भी पढ़ाई में मन नहीं लगता या वह किसी वजह से अच्छे अंक नहीं ला पा रहा है, तो इसकी वजह आपके घर का वास्तु दोष हो सकता है और इसे तुरंत दूर करने की आवश्यकता होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पढ़ाई और एकाग्रता पर घर के वातावरण और विशेष रूप से स्टडी रूम की दिशा का गहरा प्रभाव पड़ता है। सही दिशा में बैठकर अध्ययन करने, सही रंगों का उपयोग



करने और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने से बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ सकती है। आइए सेलेब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी से जानें उन वास्तु उपायों के बारे में जो आपके बच्चे की पढ़ाई में मदद कर सकते हैं।

**सही दिशा में बैठकर पढ़ाई करें-** बच्चों की एकाग्रता और शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए सही दिशा में स्टडी टेबल रखना बेहद जरूरी माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, पढ़ाई के लिए पूर्व या उत्तर दिशा को सबसे शुभ माना गया है। पूर्व दिशा विद्या और ज्ञान का प्रतीक होती है, जो बच्चों की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती है। वहीं, उत्तर दिशा सकारात्मक ऊर्जा और स्थिरता प्रदान करती है, जिससे बच्चों का मन पढ़ाई में अधिक लगता है।

अगर स्टडी टेबल सही दिशा में नहीं होती है तो बच्चे को पढ़ाई में एकाग्रता बनाए रखने में परेशानी होती है और वह जल्दी पढ़ाई से ऊब सकता है। इसलिए, स्टडी टेबल को पूर्व या उत्तर दिशा में इस तरह रखना चाहिए कि पढ़ते समय बच्चे का मुख इन दिशाओं की ओर हो। बच्चे के स्टडी रूम में यह छोटा सा बदलाव बच्चों के अध्ययन में रुचि बढ़ा सकता है और उनकी स्मरण शक्ति को भी मजबूत कर सकता है। सही दिशा में बैठकर पढ़ाई करने से न केवल उनका ध्यान केंद्रित रहेगा, बल्कि वे अच्छे अंक भी प्राप्त कर सकते हैं।







## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया आरोप, ब्रेनवाश की उठाई बात



अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे।

वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने डिडी को बेमतलब अच्छा इंसान क्यों कहा और उसे जिम्मेदार क्यों नहीं ठहराया, तो मिया ने साफ कहा, 'क्योंकि मैं अब भी मानसिक रूप से उसके प्रभाव में थी।' मिया ने कहा कि डिडी की चमकदार दुनिया के पीछे गहरे अंधेरे थे। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्हें डिडी के साथ काम करने में गर्व महसूस होता था।

### टॉलीवुड

## 'सूर्या 46' की शूटिंग हुई शुरू, फिल्म में दिखेगा भरपूर फैमिली ड्रामा





साउथ स्टार सूर्या की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का अस्थाई नाम 'सूर्या 46' है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है, जिसकी जानकारी खुद फिल्म मेकर्स ने एक पोस्टर के साथ सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर दी है। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग के बारे में भी अहम जानकारी शेयर की है।

सूर्या ने हाल ही में तेलुगु निर्देशक वेंकी एटलुरी के साथ एक नई फिल्म साइन की है, जिनकी पिछली फिल्म लकी बस्कर हिट रही थी। इस फिल्म को हैदराबाद में एक पूजा समारोह के साथ शुरू किया गया। अब निर्माताओं ने बताया है कि हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। सूर्या और फिल्म के बाकी मुख्य कलाकार सेट पर काम शुरू कर चुके हैं और पहला शेड्यूल कुछ दिनों तक चलेगा।

फिल्म सूर्या 46 में एक्टर सूर्या के अलावा प्रेमालु फेम ममिता बैजू इस भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा में अहम किरदार निभाएंगी। यह फिल्म बड़े पैमाने पर बन रही है और इसका निर्माण सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज मिलकर कर रहे हैं। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है।

### भोजपुरी

## 'कुस्ती' के पोस्टर में दिखा जबरदस्त जलवा, अंजना बनी 'धाकड़ गर्ल'



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस अंजना सिंह अब पर्दे पर 'धाकड़ गर्ल' के रूप में नजर आएंगी। उनकी अगली फिल्म का नाम 'कुस्ती' है और इसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिवील कर दिया गया है। इसमें अंजना को कुश्ती करते हुए देखा जा सकता है। वो विरोधी को धोबी पछाड़ दे रही हैं। भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस अंजना सिंह एक बार फिर से दर्शकों के सामने एक बिल्कुल नए अंदाज में हाजिर होने जा रही हैं। उनकी अपकमिंग मूवी 'कुस्ती' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें वे जमीन पर विरोधी को चित करती नजर आ रही हैं। इस दमदार अवतार में हिंदी फिल्मों की तरह भोजपुरी सिनेमा में अंजना सिंह की छवि 'धाकड़ गर्ल' के रूप में उभरकर सामने आई है। भोजपुरी फिल्म 'कुस्ती' एक नई और मनोरंजक कहानी के साथ तैयार की गई है, जिसमें एक्शन, फन और ड्रामा सबकुछ है। निर्देशक देव पाण्डेय के अनुसार, यह फिल्म दर्शकों को रोमांच से भरपूर अनुभव देगी और भोजपुरी सिनेमा को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। प्रोड्यूसर प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह ने बताया कि 'कुस्ती' सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि एक सामाजिक संदेश और मनोरंजन का ज़रिया है। उन्होंने अंजना सिंह को 'धाकड़ गर्ल' बताते हुए कहा कि यह फिल्म उनके करियर की एक अहम मील का पत्थर साबित होगी।

फिल्म में अंजना सिंह के अलावा जय यादव, देव सिंह, सुशील सिंह, मनोज टाइगर, प्रकाश जैस, जे. नीलम, विनोद मिश्रा, अमित शुक्ला, कनचन मिश्रा, विद्या सिंह, निश्चा सिंह समेत कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। चाइल्ड आर्टिस्ट आर्यन बाबू और अदिति सिंह भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कुस्ती को वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित किया गया है।

## मनीष का कलेक्शन

### लाइफ स्टाइल

जाने माने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के कलेक्शन पूरी दुनिया में धूम मचाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुबई में पैंटसूट का कलेक्शन पेश किया। यह एक ऐसा टुकड़ा जो बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह रहा था। शानदार कपड़ों से तैयार किया गया जो सहज था। ये पैंटसूट न केवल पहनने के लिए बल्कि रहने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।



## चेहरे पर लगाएं आंवला और चुकंदर से बना फेस पैक, निखरी नजर आएगी त्वचा

चेहरे पर आंवला और चुकंदर लगाने से त्वचा में निखार आता है। इसलिए आप एक्सपर्ट की राय लेकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे त्वचा की गहराई से सफाई हो सकती है। त्वचा की गहराई से सफाई करने के लिए हम अक्सर कई सारी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। बाजार के फेस पैक को लाकर लगाते हैं। लेकिन इसके बाद भी चेहरे पर ज्यादा समय के लिए निखार नजर नहीं आता है।

ऐसे में आप आंवला और चुकंदर का फेस पैक चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी स्किन की गहराई से सफाई हो जाएगी। साथ ही, त्वचा में नेचुरल ग्लो दिखाई देगा। ब्यूटी एक्सपर्ट रजनी निगम ने इस नुस्खे को हमारे साथ शेयर किया। साथ ही, चुकंदर और आंवला का फेस पैक लगाने का फायदा बताया।

### चेहरे पर आंवला और चुकंदर लगाने के फायदे

चेहरे पर आंवला और चुकंदर को लगाने से आपकी त्वचा को भरपूर मात्रा में विटामिन सी आयरन, फॉलिक एसिड और एंटीऑक्सीडेंट गुण प्राप्त होते हैं। इसलिए आप इन दोनों चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे स्किन को डिटॉक्स, ब्लैकहेड्स और पिगमेंटेशन जैसी समस्याओं को कम करता है। साथ ही, चेहरे पर गुलाबी निखार लाता है। इसलिए एक्सपर्ट भी इसके इस्तेमाल की सलाह देते हैं।



### चेहरे पर आंवला और चुकंदर के फेस पैक को कैसे लगाएं

इसके लिए आपको एक कटोरी में 2 चम्मच आंवला पाउडर लेना है। इसमें आपको चुकंदर को पीसकर उसका रस निकालना है। फिर इसे आंवला पाउडर में डालना है। इसके बाद इसका फेस पैक लगाएं और चेहरे पर ब्रश की मदद से लगाएं। करीब 10 मिनट के लिए इसे सूखने दें।फिर पानी से चेहरे को साफ करें। इससे त्वचा साफ नजर आएगी। चुकंदर आंवला के फेस पैक को लगाने से पहले कुछ जरूरी बातों का रखें ध्यान। इस फेस पैक को सेंसेटिव स्किन पर अप्लाई न करें। फेस पैक को पिंपल्स या दाने पर अप्लाई न करें। अगर आपको स्किन पर टैनिंग हो रही है, तो इसका इस्तेमाल कम करें। चेहरे पर स्किन पर किसी भी चीज को लगाने से पहले एक्सपर्ट राय लें।

## ऑफिस में पहनें ट्रेंडी लेस वर्क कुर्ता सेट, महसूस होगा आराम

वर्किंग वुमन को सबसे ज्यादा दिक्कत कपड़ों को चूज करने में होती है। ऐसा इसलिए क्योंकि एथनिक से लेकर वेस्टर्न आउटफिट के अलग-अलग डिजाइन कई बार स्टाइल करने के लिए समझ नहीं आते हैं। ऐसे में आप लेस वर्क वाले कुर्ता सेट को वियर करें। लेस वर्क कुर्ता सेट पहनने के बाद क्लासी और एलीगेंट लगते हैं। इससे लुक भी काफी प्रोफेशनल लगता है। आप भी इन्हें ट्राई कर सकती हैं। आर्टिकल में बताते हैं किस तरह के लेस वर्क वाले सूट को वियर कर सकती हैं।



### फ्लोरल लेस वर्क वाले कुर्ता सेट

कुर्ता सेट में आप फ्लोरल लेस वर्क वाले ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ता सेट में नीचे की तरफ लेस वर्क मिलता है। साथ ही, स्लीव्स पर भी आपको लेस का डिजाइन मिलेगा। इससे कुर्ता काफी अच्छा लगेगा। इसके साथ मिलने वाली पैंट प्लेन मिलेगी। दुपट्टा आप इसके साथ प्रिंटेड या प्लेन वियर करें। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा।



### लेस वर्क कुर्ता सेट

आप अगर सिंपल लेस वर्क वाले कुर्ता सेट को वियर करना चाहती हैं, तो इस फोटो में नजर आने वाले लेस वर्क वाला पैटर्न आपको काफी पसंद आएगा। इसमें नेकलाइन, कुर्ती के नीचे वाले हिस्से, पैंट और दुपट्टे में ज्योमेट्रिकल पैटर्न वाली लेस वर्क कुर्ता सेट को वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा।

### कटवर्क डिजाइन वाली लेस वर्क कुर्ता सेट

लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए कटवर्क डिजाइन वाली लेस वर्क कुर्ता सेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ता सेट में लेस वर्क नीचे के डिजाइन, पैंट और दुपट्टे में मिलता है। इस तरह के कुर्ते सेट की नेकलाइन सिंपल होती है। इससे लुक अच्छा लगेगा।

## बालों में कराया है महंगा केमिकल ट्रीटमेंट तो कुछ दिन बरतें सावधानी

अगर आपने अपने बालों पर कोई महंगा केमिकल ट्रीटमेंट जैसे स्ट्रेटनिंग, स्मूदनिंग, कलरिंग, पर्मिंग या केराटिन आदि कुछ कराया है, तो उसे मेनटेन रखने के लिए आपको किन-किन चीजों से बचना चाहिए, यह जानना भी बहुत जरूरी है।

### विटामिन-सी युक्त घरेलू उपाय

केमिकल ट्रीटमेंट के बाद बालों विटामिन-सी युक्तन कोई भी चीज लगाने से वह केवल खराब ही होंगे। कई बार केमिकली ट्रीटेड बालों में डैंड्रफ और ड्राई स्कैयल्पन की प्रॉब्लनम हो जाती है। इसे दूर करने के लिए विशेषज्ञ आपको कुछ खास प्रोडक्ट्सड बता सकते हैं। मगर आप यदि घर में ही बालों में नींबू , संतरा ,आंवला और टमाटर जैसी चीजों से बने घरेलू नुस्खों को अपनाने लगती हैं, तो आपके बालों को नुकसान पहुंच सकता है। इससे आपके बालों में हुआ ट्रीटमेंट खराब हो जाता है। आपके बाल फेड हो सकते हैं या फिर और भी ज्यादा रफ हो सकते हैं।

### कठोर हेयर क्लींजर्स का उपयोग

कठोर हेयर क्लींजर्स का मतलब है ऐसे शैम्पू



या क्लींजर्स जिनमें सल्फेट्स, पैराबेन्स और अन्य कठोर रसायन अधिक मात्रा में होते हैं। ये रसायन बहुत झाग बनाते हैं और बालों से तेल और गंदगी को बहुत प्रभावी ढंग से हटाते हैं। मगर इससे आपके बाल बहुत ज्यातदा ड्राई हो जाते हैं। केमिकल ट्रीटमेंट के दौरान जो हेयर बॉडिंग होती है, वो भी इनसे प्रभावित होती है। ऐसे में आपके बाल बेजान और फ्रिजी हो सकते हैं।

बेस्टन है कि आप बालों में नारियल का तेल लगएं। ऐसे बालों में कैस्टकर ऑयल भूल से भी न लगाएं, इन्हेंम वॉश आउट करना मुश्किल होता है।

## विटामिन ई कैप्सूल को रातभर चेहरे पर लगाने से होते हैं फायदे

विटामिन ई कैप्सूल स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है। इससे नेचुरली निखार चेहरे पर आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि विटामिन ई कैप्सूल स्किन की गहराई से सफाई करता है। लेकिन क्या चेहरे पर इसका इस्तेमाल रात के समय करना अच्छा होता है। इसके बारे में डॉक्टर स्वाति ने जानकारी दी। साथ ही, इसे चेहरे पर लगाने के फायदे बताए। आर्टिकल में जानते हैं विटामिन ई कैप्सूल लगाने से क्या होता है।

**विटामिन ई कैप्सूल को रातभर चेहरे पर लगाने के तीन फायदे**-विटामिन ई कैप्सूल चेहरे पर लगाने के कई सारे फायदे होते हैं। साथ ही, इसके इस्तेमाल से आपको पार्लर जानें की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही, आपके चेहरे पर नेचुरल निखार आएगा।

**विटामिन ई कैप्सूल से त्वचा पर बनी रहती है नमी**- विटामिन ई कैप्सूल में नेचुरल मॉइश्चराइजर होता है। इसे जब आप रात के समय लगाकर रखते हैं, तो इससे त्वचा गहराई से साफ हो जाती है। साथ ही, चेहरे पर मौजूद ड्राईनेस भी कम हो जाती है। इसके लिए आपको चेहरे पर विटामिन ई कैप्सूल लगाना है और पूरी रात के लिए लगा रहने देना है। सुबह उठकर



चेहरे को साफ करें। इससे आपका चेहरा हाइड्रेट रहेगा।

**विटामिन ई कैप्सूल से डार्क स्पॉट और दाग-धब्बे हो सकते हैं हल्के**- स्किन पर डार्क स्पॉट या दाग धब्बे होते हैं, तो उन्हें कम करने के लिए विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन रिपेयर हो जाती है। साथ ही, आपके दाग भी हल्के हो सकते हैं। लेकिन इसका इस्तेमाल आपको नियमित रूप से करना होगा। तभी इसका फायदा चेहरे पर नजर आएगा। साथ ही, आपकी स्किन ग्लोइंग नजर आएगी।

### कार्नर न्यूज

### खूबसूरत दिखने की होड़ में याद रखें सही-गलत में फर्क

## खूबसूरती से जुड़े ये मिथ लोगों को लगते हैं सही, कहीं आप भी तो नहीं हैं उलझन में

आज के समय में दमकती त्वचा के लिए लोग महंगे-महंगे स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं, और घरेलू नुस्खे भी आजमाते हैं। कई बार तो ऐसा होता है कि खूबसूरत दिखने की होड़ में वो सही गलत में फर्क भी भूल जाते हैं। इस कारण कई तरह के मिथ यानी कि अफवाहें भी जन्म लेने लगती हैं। दरअसल, लोग जितना ज्यादा अपनी स्किन पर ध्यान देने लगे हैं, उतना ही ज्यादा अब स्किन के जुड़े मिथ भी बढ़ने लगे हैं। इसी के चलते हम आपको कुछ खूबसूरती से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताएंगे, जिसपर शायद आप भी भरोसा कर बैठे होंगे। इन शंकाओं को क्लीयर करना काफी जरूरी है। तो चलिए, आज हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी अपने मन के डाउट को क्लीयर कर सकें।

### मिथ- व्हाइटनिंग क्रीम से रंग गोरा होता है

**फैक्ट** - बाजार में भले ही तमाम तरह की व्हाइटिंग क्रीम मिलती हैं, लेकिन ये बात आपको समझ लेनी चाहिए, कि कोई भी



क्रीम रंग गोरा नहीं करती है। कई तरह की क्रीम सिर्फ आपकी त्वचा की टोन को एक शेड लाइट कर देती हैं, जिससे रंग निखरा हुआ दिखता है। स्किन टोन को लाइट भी सिर्फ डीप क्लींजिंग से किया जा सकता है, लेकिन इससे रंग कभी गोरा नहीं होता।

**मिथ- महंगे प्रोडक्ट ज्यादा असरदार होते हैं :** फैक्ट- असल बात ये है कि अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट महंगे आते हैं, लेकिन ये जरूरी नहीं है कि सस्ती चीज खराब ही हो। कई बार सस्ता स्किन केयर प्रोडक्ट भी स्किन को सूट कर जाता है और चेहरे को निखार देता है, जबकि कई बार महंगे प्रोडक्ट से हालत काफी खराब हो जाती है। सबसे अहम बात है कि ये प्रोडक्ट आपकी स्किन टाइप के हिसाब से होना चाहिए, तभी फायदेमंद होता है।

### मिथ- मेकअप से त्वचा होती है खराबः

**फैक्ट**- घर की महिलाएं लड़कियों को ये कहकर मेकअप करने से मना करती हैं, कि इससे स्किन खराब हो जाती है, जबकि ऐसा नहीं है। दरअसल, सही तरीके से मेकअप किया जाए और उसे अच्छी तरह साफ करें तो स्किन



को नुकसान नहीं होता। बल्कि इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे की खूबसूरती बढ़ जाती है।

### मिथ- बार-बार चेहरा धोने से स्किन साफ रहती है

फैक्ट- यदि आप किसी सलाह पर बा-बार अपना चेहरा धोते हैं तो इससे आपकी स्किन साफ हो या न हो, इसकी वजह से चेहरे की प्राकृतिक नमी खोने लगती है। जिस कारण चेहरा काफी ड्राई होने लगता है। हकीकत में दिन में 2 बार फेसवॉश काफी है।

### मिथ- स्किन केयर सिर्फ महिलाएं करती हैं

फैक्ट- स्किन केयर का सीधा सा मतलब है अपनी त्वचा का ध्यान रखना। इसका पुरुष और महिलाओं से किसी तरह का कोई संबंध नहीं होता है। हर किसी को अपनी स्किन का ध्यान रखना चाहिए। पुरुषों को भी मॉइश्चराइजर, सनस्क्रीन और फेसवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए।